मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 229
शुक्रवार, 07 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है : देवेन्द्र फडणवीस

**मुंबई, 06 मार्च।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की है तथा यहां रहने वाले किसी भी व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए।

शिवसेना (उबाठा) के एक विधायक द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ नेता की टिप्पणी की ओर इशारा करने के बाद मुख्यमंत्री ने यह बात कही। राज्य विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सदस्य भास्कर जाधव ने आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी की उस टिप्पणी पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था जिसमें उन्होंने कहा था कि यह जरूरी नहीं कि मुंबई आने वाला व्यक्ति मराठी सीखे। इस पर फडणवीस ने कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की है तथा यहां रहने वाले किसी भी व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। जोशी ने कहा था, मुंबई की एक नहीं है। इसमें कई भाषाएं हैं। कुछ क्षेत्रों की अपनी है। घाटकोपर की गुजराती है। गिरगांव में आपको हिंदी बोलने वाले कम और मराठी बोलने वाले ज्यादा मिलेंगे। इसलिए कह सकते हैं कि मुंबई आने वाला कोई भी व्यक्ति मराठी सीखे, यह जरूरी नहीं है।विधानसभा में जब जाधव ने सरकार से इस पर जवाब मांगा तो फडणवीस ने कहा, मैंने भैयाजी की बात नहीं सुनी, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की मराठी है। उन्होंने कहा, हर किसी को मराठी सीखनी चाहिए और उसे बोलना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अन्य भाषाओं का



भी सम्मान करती है। फडणवीस ने कहा, अगर आप अपनी से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप दूसरी भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करें। मुझे यकीन है कि भैयाजी मेरी बात से सहमत होंगे।इससे पहले दिन में शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने दावा किया कि जोशी की टिप्पणी राजद्रोह के बराबर है और महाराष्ट्र का अपमान है। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया, मराठी हमारी राज्य है और इस तरह का बयान राजद्रोह के बराबर है। यह बयान राजद्रोह है।राज्यसभा सदस्य ने मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं अजित पवार को जोशी के बयान की निंदा करने और इस मामले पर राज्य विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की चुनौती दी। इसे एक गंभीर मुद्दा बताते हुए राउत ने दावा किया कि जोशी मुंबई की नीतियों और लक्ष्यों पर फैसला करते हैं।राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि यह टिप्पणी समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी द्वारा मुगल सम्राट औरंगजेब की प्रशंसा में की गई टिप्पणी से भी अधिक गंभीर है। राउत ने पूछा, आरएसएस नेता मुंबई आए और उन्होंने कहा कि इसकी मराठी नहीं है। क्या राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को इसे बर्दाश्त करना चाहिए?उन्होंने फिर सवाल किया कि क्या वह कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई, लुधियाना, पटना या बेंगलुरु, त्रिवेंद्रम या हैदराबाद में जाकर इस तरह बोल सकते हैं? राउत ने दावा किया, लेकिन वह महाराष्ट्र और इसकी राजधानी में आते हैं और कहते हैं कि इसकी मराठी नहीं है। यह गुजराती या कोई अन्य है और किसी अन्य को जानने की कोई आवश्यकता नहीं है।राउत ने कहा, क्या 106 शहीदों ने (1950 के दशक में संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में) यही सब सुनने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी? शिवसेना (उबाठा) नेता ने पूछा कि क्या यह मराठी और मराठी गौरव का अपमान नहीं है? राउत ने कहा कि जोशी को मुंबई आने के बाद मराठी का अपमान करने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया, कोई ऐसा कहने की हिम्मत कैसे कर सकता है... क्योंकि राज्य में असहाय लोगों और मराठी से नफरत करने वालों की सरकार है।

## एलुरु में बस ने खड़ी लॉरी को टक्कर मारी, तीन लोगों की मौत



**एलुरु, 06 मार्च।** एलुरु जिले में बृहस्पतिवार को एक बस के, खड़ी हुई लॉरी को टक्कर मार देने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि हैदराबाद से आ रही रमना ट्रैवल्स की निजी बस ने सुबह करीब पांच बजे चोडिमेला गांव में लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया, घटना में तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।उन्होंने बताया कि बस के चालक की हालत भी गंभीर है। पुलिस के अनुसार, लॉरी को टक्कर मारने के बाद बस यहां सड़क के बीचोंबीच पलट गई। पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है और एलुरु के जिलाधिकारी के. वेत्री सेल्वी यहां घायल यात्रियों से मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## योगी सरकार ने मिल्कीपुर के विकास के लिए खोला खजाना

**अयोध्या, 06 मार्च।** वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जाने लगा है। इसी क्रम में 106.60 लाख रुपये से विकास खण्ड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। मिल्कीपुर में विधानसभा के उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यह घोषणा की थी कि गहनाग बाबा धाम का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इस क्रम में कार्य शुरू हो



चुका है। बता दें कि मिल्कीपुर में सड़कों के निर्माण व कुछ विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वह सब निमार्णाधीन हैं।गहनाग बाबा धाम आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए इसका पर्यटन विकास करने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद ही यहां सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। पौराणिक स्थलों को डेवलप करने के उद्देश्य से ही परिषद का वर्ष भर पहले गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि गहनाग बाबा धाम का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करा दिया गया है। जिसमें धर्म स्थल का सौंदर्यीकरण और सरोवर को कुंड का स्वरूप दिया जाएगा। वहीं दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड, बेंच का निर्माण, पेयजल और शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

## चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद कश्मीर विवाद सुलझ जायेगा: एस जयशंकर

**नई दिल्ली, 06 मार्च।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि कश्मीर विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है।

जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस बीच पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में जयशंकर की टिप्पणी को बेबुनियाद बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की।

जयशंकर ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के बारे में एक श्रोता के सवाल का जवाब देते हुए कहा था, कश्मीर के संबंध में, मुझे लगता है, वास्तव में हमने इसके ज्यादातर मुद्दों को हल करने की दिशा में अच्छा काम किया है।



उन्होंने कहा, अनुच्छेद-370 को हटाना पहला कदम था, कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधियों और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था तथा बहुत अधिक मतदान के साथ चुनाव कराना तीसरा कदम था। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जब ऐसा हो जाएगा, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर मुद्दे का समाधान हो जायेगा।

इस्लामाबाद में, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की टिप्पणी को खारिज कर दिया। खान ने कहा, आजाद जम्मू-कश्मीर के बारे में बेबुनियाद दावे करने के बजाय भारत को पिछले 77 वर्षों से अपने कब्जे में रखे गए जम्मू-कश्मीर के एक बड़े क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए।

भारत द्वारा पांच अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद भारत-पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध निचले स्तर पर चले गये थे और दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां बंद हो गई थीं। खान ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों में यह प्रावधान है कि जम्मू-कश्मीर की अंतिम स्थिति संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जनमत संग्रह के माध्यम से निर्धारित की जाएगी। भारत का पूर्वाग्रह इस वास्तविकता को नहीं बदल सकता।

उन्होंने पिछले वर्ष कश्मीर के अपने हिस्से में हुए चुनावों के बारे में भारतीय मंत्री के दावों को भी खारिज कर दिया और कहा, भारतीय संविधान के अनुसार कोई भी चुनावी प्रक्रिया आत्मनिर्णय के अधिकार के विकल्प के रूप में काम नहीं कर सकती।

भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

## औचक निरीक्षण पर सरकारी स्कूल में पहुंची सीएम रेखा गुप्ता, अधिकारियों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, 06 मार्च।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया और अपने निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में पेयजल, स्वच्छता और सड़कों की स्थिति का आकलन किया। सीएम गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 55 के शालीमार ग्राम चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर ग्राम चौक और अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पानी, स्वच्छता और सड़क से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूल, सड़कों की



खराब व्यवस्था देश अधिकारियों को फटकार भी लगाई।शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यहां लोग सीवेज की वजह से परेशान हैं, नालियां अभी तक नहीं बनी हैं। औद्योगिक क्षेत्र में जो काम होना था, वह अभी तक नहीं हुआ है। छोटे मार्केट कॉम्प्लेक्स भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। बड़े मार्केट एरिया में सफाई जैसी समस्या है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार सिर्फ लोगों की समस्याओं और दर्द का विज्ञापन करती थी, लेकिन मैं इन मुद्दों को हल करने की कोशिश करूंगी।रेखा गुप्ता ने इसके बाद एक्स पर लिखा कि शालीमार बाग के वार्ड नंबर 55 में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुओं से मिलकर और राधे-कृष्ण की भक्ति में डूबकर मेरा मन दिव्य एवं प्रफुल्लित हो उठा। आपकी असीमित ऊर्जा, दिल्ली के विकास के प्रति आपकी दृढ़ प्रतिबद्धता ने मुझे विशेष रूप से प्रभावित किया। आप इसी उत्साह और समर्पण के साथ जनकल्याण की दिशा में सदैव संलग्न रहें, यही मेरी कामना है।उन्होंने कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 55 के शालीमार गांव चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर गांव चौक सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल, सफाई और सड़कों की स्थिति का गहन मूल्यांकन करने के लिए अधिकारियों के साथ दौरा किया।

## पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुजरात के नवसारी में लखपति दीदी कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**नवसारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में लखपति दीदी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। नवसारी के वानसी-बोरसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 1.1 लाख से अधिक महिलाओं के भाग लेने की उम्मीद है, जहां सभी व्यवस्थाएं महिला पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित की जाएंगी। ये जानकारी सूत्रों से मिली है।एक सूत्र ने कहा, यह कार्यक्रम पुलिसिंग के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करेगा, क्योंकि कानून और व्यवस्था के सभी पहलुओं के साथ-साथ कार्यक्रम की व्यवस्था भी महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि कुल 2,165 कांस्टेबल, 187 इंस्पेक्टर, 61 सब-इंस्पेक्टर, 19 डीएसपी, पांच डीएसपी, एक पुलिस महानिरीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सभी महिलाएं) समग्र कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे और इसके सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।









# पंजाब-किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा



-ललित गर्ग

पंजाब में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर ह्यआपह्न पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली ह्यआपह्न सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी-यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, ह्लचंडीगढ़ चलो मार्चह्न के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है?

पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे



हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि ह्यआपह्न सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दशार्ता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है?

आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दशार्यी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए, अन्यथा पंजाब की अशांति एवं अराजकता प्रांत को न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि सुशासन के मोर्चे पर धराशाही कर देगी।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति ह्लचंडीगढ़ चलो मार्चह्न के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। अपनी हार एवं नाकामयाबियों से बौखलायी आप सरकार अधिकारियों को निलंबित एवं तबादलें कर रही है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों में भी गहरा असंतोष सामने आ रहा है, वे भी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने के विकल्प चुनकर सरकार की समस्याओं को बढ़ा दिया है।

पंजाब में आप सरकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आम लोग अब बार-बार होने वाले प्रदर्शनों, धरनों और नाकेबंदियों से ऊब चुके हैं। आप शासन की खामियां ही उजागर हो रही हैं, अधूरे वादों, कानून-व्यवस्था या आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पंजाब की शांति को लील रहे हैं। भगवत मान छल और झूठ की राजनीति करते हुए अपने हर वादे से मुकर रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में भारतीय राजनीति में चमके और दिल्ली के साथ पंजाब में उनकी सरकार बनी। दिल्ली में उनकी सत्ता जा चुकी है। पंजाब की स्थितियां उसके लिये खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी बनती जा रही हैं। भले ही मान सरकार अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वह अपने प्रदेश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति एवं शासन-व्यवस्था इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी? कैसे पंजाब को समस्याओं से मुक्ति देगी? पंजाब के किसानों का उबाल दमन से नहीं, सार्थक संवाद से ही थमेगा।

# क्या अमेरिका पूरी अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाह रहा है



अशोक भाटिया

फिलहाल लगता तो ऐसा है कि अमेरिका दुनिया की पूरी अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाह रहा है। आर्थिक दुनिया में इस बात की बहुत चर्चा है कि चीन पर अमेरिकी प्रतिबंध भारत, चीन , कनाडा और थाईलैंड को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। वहीं, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोना एक लाख रुपये प्रति तोला की कीमत की ओर बढ़ रहा है। वहीं भारत-ब्राजील अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन को लगे झटके का असर भारत के स्टील सेक्टर पर भी पड़ा है। ट्रंप ने चीन को सबक सिखाने के लिए स्टील पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की। यह दर 12 मार्च से लागू होगी। इनकी धमकी का सबसे ज्यादा असर मेटल शेयरों पर पड़ा है। उनकी घोषणा के बाद इसके लागू होने की तारीख भी घोषित कर दी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का मेटल इंडेक्स 2.23 फीसदी गिरा है। सूचकांक 627.81 अंकों यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 27,526.08 पर बंद हुआ। हिंदुस्तान जिंक, जेएसएल, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी, एनएमडीसी, कोल इंडिया, वेदांता लिमिटेड, टाटा स्टील, एप्पल पोलो, जिंदल स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को के शेयरों में भारी गिरावट आई। भारत अमेरिका का शीर्ष इस्पात निर्यातक नहीं है। अमेरिका कनाडा, ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और वियतनाम से अधिकांश स्टील आयात करता है।

इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला है। उन्होंने ट्रंप के ऊपर कनाडा को कब्जाने की योजना बनाने का आरोप लगाया है और वॉइट हाउस के टैरिफ हमले को इसी का हिस्सा बताया है। ट्रूडो ने मंगलवार 4 मार्च को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध का उद्देश्य कनाडा की अर्थव्यवस्था को नष्ट करना है ताकि वह देश को अपने में मिला सकें। इसके पहले कनाडा के ट्रूडो प्रशासन ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हमले पर पलटवार करते हुए अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने कनाडाई ऊर्जा आयात पर 10 प्रतिशत और अन्य सभी वस्तुओं पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके कुछ घंटों बाद ही ओट्टावा ने सौंदर्य प्रसाधन, उपकरण, टायर, फल और शराब समेत 30 अरब कनाडाई डॉलर मूल्य के अमेरिकी आयातों पर तत्काल 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की। कनाडा ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर 21 दिनों के भीतर 125 अरब डॉलर मूल्य के अतिरिक्त आयात पर टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रूडो ने फेंटेनाइल ड्रग की तस्करी के ट्रंप के आरोपों पर भी जवाब दिया और कहा कि टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति फेंटेनाइल को बहाना बना रहे हैं। ट्रूडो ने इन आरोपों को 'पूरी तरह से फर्जी, पूरी तरह से अनुचित और पूरी तरह से झूठ' बताया। ट्रूडो ने कहा, ट्रंप जो चाहते हैं, वह है- कनाडा की अर्थव्यवस्था का पूरी तरह से पतन देखना। क्योंकि इससे हमें अपने साथ मिलाना आसान हो जाएगा।

भारत के व्यापार मंत्रालय के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में अमेरिका को भारत के निर्यात में काफी गिरावट आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, भारत ने 2022-23 की तुलना में अमेरिका को 47.68 प्रतिशत कम स्टील का निर्यात किया, जबकि लोहे और इस्पात के सामान के निर्यात में भी 9 प्रतिशत की गिरावट आई। यह गिरावट इस वित्तीय वर्ष में भी जारी है। यह है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है; लेकिन भारत के विपरीत, यह अमेरिका के शीर्ष इस्पात आयातकों की सूची में नहीं है। स्टील चीन से दूसरे देशों में और वहां से अमेरिका में भेजा जाता है। ट्रम्प प्रशासन जानता है कि अगर स्टील पर टैरिफ लगाए जाते हैं, तो इसका सीधा असर चीन पर पड़ेगा। हालांकि भारतीय इस्पात क्षेत्र लंबे समय में मजबूत है, अल्पकालिक नुकसान से बचना मुश्किल है और आगे उतार-चढ़ाव का जोखिम बना हुआ है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और आर्थिक नीतियों में बदलाव बाजार के रुझान को प्रभावित करते हैं। वे करेंगे। टैरिफ वॉर का असर ग्लोबल इकोनॉमी पर पड़ सकता है। भारत, चीन और थाईलैंड जैसे उभरते बाजारों को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में बहुत अधिक प्रभावी टैरिफ दरें हैं। इसलिए वे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। भारत का अमेरिका से निर्यात की औसत दर 9.5 प्रतिशत है। भारत का अमेरिका को निर्यात तीन प्रतिशत शुल्क के अधीन है। थाईलैंड में 0.9 प्रतिशत बनाम 6.2 प्रतिशत का आंकड़ा है, जबकि चीन में 2.9 प्रतिशत बनाम 7.1 प्रतिशत है, और सिंगापुर और दक्षिण कोरिया जैसे देश, जिनके पास संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते हैं, ट्रम्प के प्रतिशोधी टैरिफ के खतरे से अधिक सुरक्षित हैं। नोमुरा ने कहा कि भारत में उच्चतम निर्यात शुल्क दर है। भारत एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच उच्चतम टैरिफ दर वाला देश है। इसलिए, भारत को ट्रम्प की टैरिफ दर में वृद्धि का बड़ा खतरा है। दुनिया भर में भारत के निर्यात का 18% अमेरिका को होता है। 2024 में व्यापार अधिशेष बढ़कर लगभग 38 बिलियन हो गया है। अमेरिका में भारत के निर्यात में विद्युत/औद्योगिक मशीनरी, रत्न और आभूषण शामिल हैं। नोमुरा के विश्लेषकों ने कहा कि दवाएं, ईंधन, लोहा एवं इस्पात, लोहा एवं इस्पात, लोहा एवं इस्पात, कपड़ा, कपड़ा और रसायन क्षेत्र में आयरन, स्टील और एल्युमीनियम की हिस्सेदारी कुल 5.5 प्रतिशत है। यदि वे अपने शीर्ष स्थान को बनाए रखते हैं, तो भारत और ब्राजील सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं होंगे, जिनकी जीडीपी वृद्धि पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक होगी। लेकिन कर्ज का बोझ भी तेजी से बढ़ा है। दूसरी ओर, कनाडा, जर्मनी और इटली ने कर्ज कम करने में कामयाबी हासिल की है। साथ ही, जापान की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण रही है। यह विश्लेषण 2020 से 2025 तक के आर्थिक आंकड़ों पर आधारित है। विश्व मुद्रा कोष का अनुमान है कि 2025 में अमेरिकी जीडीपी 30.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह पिछले कुछ वर्षों में 42 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऋण-से-जीडीपी अनुपात को 132 प्रतिशत से घटाकर 124 प्रतिशत कर दिया है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की मजबूत आर्थिक स्थिति को दशार्ता है। चीन की जीडीपी 2025 तक 19.5 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। यह 2020 में 14.9 ट्रिलियन डॉलर था। पिछले पांच वर्षों में इसमें 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है; लेकिन चीन का कर्ज-टू-जीडीपी अनुपात 70 प्रतिशत से बढ़कर 94 प्रतिशत हो गया है, जो दशार्ता है कि चीन की विकास दर ऋण पर निर्भर है, जो लंबे समय में खतरनाक हो सकती है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत की ऋद्ध 2020 में 2.7 ट्रिलियन डॉलर से 2025 में 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि भारत ने पांच वर्षों में 60 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है और ऋण-से-जीडीपी अनुपात 88 प्रतिशत से गिरकर 83 प्रतिशत हो गया है। यह भारत की आर्थिक स्थिरता को दशार्ता है। यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी की जीडीपी, 2020 में 3.9 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2020 में 3.9 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। अंदाजा लगाओ क्या। इसके अलावा, ऋण-जीडीपी अनुपात 68 प्रतिशत से गिरकर 62 प्रतिशत हो गया है। ब्राजील की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही है। ब्राजील की जीडीपी 2020 में 1.5 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 2.3 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। यह वृद्धि पांच वर्षों में 56 प्रतिशत होगी। ब्राजील ने अपने कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को 96 प्रतिशत से घटाकर 92 प्रतिशत कर दिया है। इससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। सोना हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। 11 फरवरी का सोने का वायदा भाव 86,000 रुपये के आसपास था. अब 10 ग्राम सोने का भाव 90,000 रुपये प्रति तोला की ओर बढ़ रहा है। कई रिपोर्टों में सोने की कीमतों में 90,000 रुपये प्रति तोला तक की वृद्धि की भविष्यवाणी की गई है। भारत में सोने का सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व है। बाजार की स्थिति लगातार बदल रही है और निवेशक और व्यापारी इन परिवर्तनों की निगरानी करते हैं। ट्रम्प के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से सोना और महंगा होता जा रहा है। बढ़ती महंगाई से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। शेयर बाजार में बढ़ती उठापटक के चलते लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं।

# आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण की कछुआ चाल

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष

समय तेजी से भाग रहा है, गतिशील समय को पकड़ पाना नामुमकिन सा नजर आता है। इस दौर में जो स्क्रीन पर दिखता है, उसके पार हमारी समझ खत्म सी हो जाती है। असल में जीवन की वास्तविक सच्चाई को स्क्रीन पर लाना बड़ा कठिन होता है। हम अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आदिवासी समाज की उन महिलाओं की बात कर रहे है जो वास्तविक प्रगति की दौड़ में अभी भी पीछे नजर आ रही है। आदिवासी समाज में महिलाओं की वास्तविक दशा जानने के लिए निष्पक्ष आकलन की जरूरत है, तभी हम आदिवासी समाज की महिलाओं की वास्तविक स्थिति को समझ पाएंगे। दरअसल महानगरों की ऊंची अट्टालिकाओं में निवास करती महानगरीय महिलाएं और सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अल्पतर सुविधाओं के मध्य अपना जीवन गुजार रही आदिवासी महिलाओं की जमीनी हकीकत जानने के उपरांत वास्तविक स्थिति को समझा जा सकता है। इन महिलाओं की जमीनी हकीकत देखने के पश्चात संविधान में उल्लेखित समानता के अधिकार के अमल की बहुत कुछ खामियां नजर आती है। ऐसा नहीं है कि आदिवासी समुदाय की इन महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार नहीं हो रहा है, यह सुधार कछुआ चाल की तरह बेहद धीमी गति से हो रहा है। अपनी आंखों देखी बताना चाहूंगा अब से 15झ्र20 वर्ष पूर्व का दृश्य है, जो उस समय आम हुआ करता था, अब भी मेरी आंखों के सामने घूमता दिखाई देता है, मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में आदिवासी समुदाय की महिलाएं सुदूर जंगल से अपने सिर पर 40झ्र50 किलो लकड़ी का गट्ठा रखकर 15 से 20 किलोमीटर का रास्ता तयकर गली गली घूमती थी, सौदा पट जाने पर उन लकड़ियों को बेचती थी, इसे बेचकर एकत्रित राशि से अपने परिवार के लिए तेल, मसाला, आटा दाल की व्यवस्था करती थी। समय के बदलाव के साथ अब यह दृश्य बदल गया है, जिसका कारण ईंधन के साधनों में गैस की आमद का होना है। नहीं बदली तो मेहनतकश आदिवासी महिलाओं की दशा जो अब भी संपूर्ण आदिवासी क्षेत्रों में खासकर एमपी, छत्तीसगढ़ में चिंतनीय, सोचनीय और विचारणीय बनी हुई है। आदिवासी बाहुल्य जिलों में पलायन बढ़ा है, आदिवासी समाज मजदूरी करने परिवार संग महाराष्ट्र, गुजरात और देश के अन्य प्रांतों में जाने को अभिशप्त है। परिवार के पुरुषों के साथ गोदी में अपना दूधमुहा बच्चा और जरूरी सामान को लादकर मजदूरी करने जाने वाली आदिवासी महिलाओं की स्थिति में बहुत से सुधारों की



जरूरत है। अपना घर छोड़कर काम की तलाश में पुरुष के संग महिलाएं भी शामिल है, यह महिलाएं काम तो पुरुष के बराबर करती है, किंतु इनका मेहनताना पुरुषों की तुलना में कम होता है। इनमें नाबालिग बालिकाएं भी है जिनको होना तो स्कूल में चाहिए किन्तु परिवार के साथ मजदूरी के लिए इधर उधर भटकना जैसे नियति बन गई है। इस दौरान बालिकाओं के दैहिक शोषण के किस्से भी सुनने को आए दिनों मिलते है। जिसमें नाबालिक बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक, शोषण की घटनाएं शामिल है। आदिवासी महिलाओं की यह स्थिति भारत के किसी एक प्रांत की नहीं वरन संपूर्ण भारत में आदिवासी समाज की महिलाओं की स्थिति थोड़े बहुत अंतरों के साथ एक सी नजर आती है। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग की संख्या 104 मिलियन है। यह भारत की कुल जनसंख्या का 8.6% है। भारत में लगभग 550 जनजातियां है। आदिवासी समाज का अधिकांश हिस्सा वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। इस समाज की कुल आबादी में आधा हिस्सा महिलाओं का है। आजादी के 7 दशक बीतने के पश्चात आदिवासी समाज की महिलाओं की स्थिति में कोई गुणात्मक अंतर आया हो ऐसा दिखाई नहीं देता है। अब भी सुदूर ग्रामीण अंचल में आदिवासी समुदाय की महिलाओ की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आदिवासी समाज में विवाह की प्रक्रिया में पनप रहे लालच और मनमानी के कारण अच्छे रिश्ते नहीं बन पाते। इस समुदाय में दैजा नामक प्रक्रिया ने बुराई का रूप धारण कर लिया है, विवाह से जुड़ी इस बुराई में वर पक्ष, वधु पक्ष को दैजा के रूप में धनराशि देता है। इस दैजा का निर्धारण भी पुरुष वर्ग द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया ने समाज में बुराई का रूप धारण कर लिया है। यह एक तरह से लड़कियों के सौदे के रूप में सामने आने लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कनौजे ने इसे सामाजिक बुराई बताते हुए कहां की दैजा समाज में गैरबराबरी को जन्म दे रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों का विवाह नहीं करा पा रहे है। लालच में फंसे पुरुष परिजन लकड़ियों की इच्छा के विरुद्ध विवाह कर देते है। यह विवाह लम्बा नहीं चलता इससे उत्पन्न विवाद समाज में हिंसा का कारण बनते है,यह विवाद थानो और न्यायालय तक पहुंच जाते है।

बहु विवाह भी आदिवासी समाज में व्याप्त पुरुष प्रधानता का उदाहरण है। एक से अधिक पत्नी रखना समाज में शान समझा जाता है। सम्पन्न पुरुष एक से अधिक पत्नी रखता है। इस कारण महिलाओं को सामाजिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। बहु विवाह की यह बुराई महिलाओं के जीवन को नरक बना देती है। पुरुष वर्ग का एक पत्नी के बाद दूसरी पत्नी बनाना पहली पत्नी के महत्व को खत्म कर देता है। यह पुरुष कब तीसरा विवाह कर लेगा कहा नहीं जा सकता है। पुरुष धनबल से एक से अधिक विवाह बनाता है जो महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते है। पुरुष प्रधानता वैसे अमूमन सभी समाजों में किंतु आधुनिकता के दौर में शहरी क्षेत्रों में कुछ समाजों ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना आरंभ किया है। आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुमलीबाई जो महिलाओं की दशा सुधारने के लिए सतत संघर्षशील है ने बताया महिलाओं की समाज में कमजोर स्थिति का कारण महिलाओं का निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं होना है। निर्णय की प्रक्रिया पहले पटेलों के पास थी, अब पंच सरपंचों और ग्राम पंचायत के पास है। अब भी आदिवासी समाज में प्रमुख निर्णय पुरुष समाज ही करता है। सरकार द्वारा महिलाओं को ग्राम पंचायतों में प्राप्त आरक्षण की व्यवस्था का महिलाओं की आड़ में पुरुष समाज ही इस्तेमाल करता है। सुमलीबाई का कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका निर्णय प्रक्रिया में भागीदार होना आवश्यक है। महिलाओं को घर के काम के अलावा रोजगार मूलक परीक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के अनेकों कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे है। किंतु सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों की स्थापना करना चाहिए जिससे आदिवासी समाज की महिलाओं को अपना घर छोड़कर अन्यत्र प्रांतों में मजदूरी के लिए नहीं जाने पढ़े, गांव में रोजगार होंगे तो पलायन रुकेगा, बालिकाओं की शिक्षा संभव हो सकेगी। शिक्षा का प्रसार बढ़ा है किंतु शहरी क्षेत्रों में, गांव अब भी सरकारी शिक्षा के भरोसे है। उस पर भी गांव में लड़कियों की शिक्षा पर कम ध्यान दिया जा रहा है। बालिकाओं को शिक्षित करने से महिलाओं की दशा में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद की जा सकती हैं। इसकी शुरूवात हो गई है। किंतु देखा जा रहा है कि पढ़ लिख कर शहर गया वर्ग शहर में ही बस जा रहा है। अपने गांव संस्कृति और रीतिरिवाज से दूर होता जा रहा है। आदिवासी महिलाओं की स्थिति में व्यापक बदलाव के लिए सामाजिक कुरीतियों से सख्ती से निपटने की आवश्यकता के साथ बालिका शिक्षा को बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षित महिला निर्णय में भागीदार होगी तो निश्चित ही महिलाओं की दशा में तेजी से सकारात्मक परिवर्तन होंगे। महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा तभी मिल सकेगा जब वह निर्णय प्रक्रिया में भागीदार होगी, यह प्रक्रिया चल रही है किन्तु इसकी कछुआ चाल है। महिलाएं समाज निर्माण की प्रमुख कारक है। महिला सशक्तिकरण समाज की अनिवार्य प्रकिया है।

# अब महिलाओं के प्रति बदलना होगा नजरिया



-रमेश सर्राफ धमोरा

भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का थीम है रकार्रवाई में तेजी लानार। वर्ष की 2025 थीम में सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण होगी। जो वैश्विक स्तर पर महिलाओं और लड़कियों की प्रगति को रोकने वाली प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने के लिए समावेशन और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालती

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इन अपराधों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं। जो समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी उदासीनता को दशार्ते हैं। इससे पहले 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278 मामले 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक प्रति एक लाख आबादी पर महिला अपराध की दर 66.4 फीसदी रिकॉर्ड की गई। ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 75.8 फीसदी रही। एनसीआरबी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी जुर्म पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता किए जाने के थे। इसके बाद अपहरण के 19.2 फीसदी, शील भंग करने के इरादे से महिलाओं पर हमले के 18.7 फीसदी और दुष्कर्म के 7.1 फीसदी मामले रहे। एनसीआरबी के मुताबिक पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 यानी 50 फीसदी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश में 2021 में महिला अपराध के 56,083 और और 2020 में 49,385 मामले दर्ज किए थे। इसके बाद राजस्थान (40,738 और 34,535), महाराष्ट्र (39,526 और 31,954), पश्चिम बंगाल (35,884 और 36,439) और मध्य प्रदेश (30,673 और 25,640) रहे थे।

भारत में वर्षो से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।

2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए।

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।

हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तिकरण के अभियान को धक्का लगता हैं। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पायेगी।

## महाकुंभ में दातून बेचने वाले आकाश यादव का समरस फाउंडेशन ने किया सम्मान




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** प्रयागराज महाकुंभ में दातून बेचकर चर्चित हुए आकाश यादव का आज महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा बोरीवली पूर्व स्थित कार्यालय में महाकुंभ गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया गया। जौनपुर जनपद के मडियाहू तहसील स्थित गांव तुलसीपुर के रहने वाले आकाश यादव ने अपनी गर्लफ्रेंड की सलाह पर महाकुंभ में दातून बेचने का काम किया। अत्यंत विनम्र सरल और बोलने की खास स्टाइल के चलते आकाश ने मात्र एक सप्ताह में 40 हजार रुपए से अधिक कमाए। सोशल मीडिया पर चर्चित हुए आकाश यादव को डांस का महा मुकाबला में आमंत्रित किया गया, जहां फिल्म स्टार मिथुन चक्रवर्ती तथा अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा भी उनसे प्रभावित हुए। समरस फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह ने आकाश की हौसला अफजाई करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव ,उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा, उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा, सचिव सुरेंद्र पांडे, विशेष सलाहकार रामकृपाल शर्मा, एडवोकेट प्रशांत परदेसी, रामलिंगम, रोहित यादव शिव यादव,अक्षय, विवेक पटेल आलोक वर्मा, चंद्रेश समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। आकाश यादव की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि आज उनके इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 50 हजार पार कर गई।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला परिषद में एक दिवसीय प्रदर्शनी व बिक्री का आयोजन आज

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पालघर जिला परिषद कार्यालय पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा एक दिवसीय प्रदर्शनी व बिक्री का आयोजन किया जायेगा। यह प्रदर्शनी व विक्री जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोंन्नती अभियान (उमेद) के माध्यम से शुक्रवार 7 मार्च 2025 को सुबह 9:00 से शाम 7:00 तक जिला परिषद भवन के प्रवेश द्वार पर लगाई जायेगी। यह कार्यक्रम जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे की संकल्पना से आयोजित किया जायेगा। मुख्य कार्य अधिकारी ने जिला परिषद के अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों समेत जिला परिषद कार्यालय आने वाले सभी लोगों से प्रदर्शनी में जाकर महिला समूहों से उत्पाद खरीदी करने की अपील की है। महिला समूह का आर्थिक सशक्तिकरण के लिए और स्वयं की पूर्णता के लिए यह उपक्रम महत्वपूर्ण साबित होगा। ऐसा विश्वास मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने व्यक्त किया है। यह कार्यक्रम पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में घरेलू पापड़, अचार, मसाले, शुष्क खाद्य पदार्थ, छाछ, फ्रूट सलाद समेत कई अन्य वस्तुएं विक्री की जायेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना तथा उनकी उत्पादक क्षमता को प्रोत्साहित करना है। शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस विक्रय प्रदर्शनी में जिला परिषद के अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिक पहुंचकर महिला समूहों का समर्थन करें। ऐसी अपील जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा की प्रकल्प संचालक डॉ.रूपाली सातपुते द्वारा की गई है।

## VES टेक्नोथॉन 2025 का सफल आयोजन

**मुंबई।** विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी के पॉलिटेक्निक कॉलेज (श्एरढ) द्वारा महाराष्ट्र का प्रमुख 24-घंटों का राज्य स्तरीय हैकाथॉन श्एर टेक्नोथॉन 2025 का आयोजन किया गया यह टेक्नोथॉन श्री हाशूजी अडवाणी की जन्मशताब्दी समारोह का एक हिस्सा था और इसका आयोजन श्एरढ एलुमनी एसोसिएशन, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (क्क्ळ) सेल और ल्अइक्ळ फाउंडेशन इनक्यूबेशन सेंटर, श्एर के सहयोग से किया गया। इस आयोजन में 9 जिलों के श्रेष्ठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य नवाचार, समस्या समाधान और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देना था। 125 पंजीकृत टीमों में से 32 फाइनलिस्ट टीमों ने 24 घंटे की गहन विकास चुनौती में भाग लिया, जो फाइनल मूल्यांकन दौर और भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख उद्योग जगत के दिग्गजों द्वारा किया गया, जिनमें श्री उमेश नागदेवे (सचिव, महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन - टइळए), श्री जितेन सहजता (डायरेक्टर ऑपरेशंस, कनेक्टवेल), श्री मानस फडनीस (वाइस प्रेसिडेंट झ प्रोजेक्ट्स और बिजनेस डेवलपमेंट, वेगा इंडिया) और श्री उमेश राठौड़ (इनोवेशन मैनेजर, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) शामिल थे। प्रतियोगिता में श्एर पॉलिटेक्निक, रश्ङट के रड़ट पॉलिटेक्निक कॉलेज, के.जे. सोमैया पॉलिटेक्निक, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मुंबई, श्ढट पॉलिटेक्निक और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक पुणे के छात्रों ने अपनी असाधारण तकनीकी प्रतिभा और नवाचार कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुए। इस प्रतियोगिता में 1.10 लाख रुपये का पुरस्कार निधि रखा गया था, जिससे सबसे नवीन और समस्या-समाधान में सक्षम प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया।

## मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर रिलैक्सो, पैरागन, और लिबर्टी जैसे प्रमुख ब्रांड्स पेश करके फुटवियर श्रेणी का विस्तार किया

**मुंबई/पटना।** भारत के एकमात्र ट्रू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने रिलैक्सो ग्रुप, पैरागन और लिबर्टी ब्रांड्स पेश करके अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी को मजबूत किया है। इस लॉन्च के बाद लाखों शॉपर्स को ये भरोसेमंद ब्रांड मीशो पर उपलब्ध हो सकेंगे। यह रणनीतिक कदम खासकर टियर 2 बाजारों में ब्रांडेड, हाई-क्वालिटी के फुटवियर उपलब्ध कराने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है क्योंकि इन बाजारों के शॉपर्स कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी के लिए भरोसेमंद ब्रांड्स को ज्यादा पसंद करते हैं।

इन ब्रांड्स ने छोटी सी अवधि में ही ऑर्डर्स में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। रिलैक्सो ग्रुप की मांग में 2.5 गुना, पैरागन की मांग में 2.5 गुना और लिबर्टी की मांग में 2 गुना वृद्धि दर्ज हुई है। इस वृद्धि को फ्लिप-फ्लॉप्स, कैज्युअल शूज, स्पोर्ट्स शूज, और फॉर्मल फुटवियर जैसे स्टाईल्स की बढ़ती मांग से तेजी मिली है, जो खासकर महवा, भाटापारा, सुपौल, और नुजविद जैसे तेजी से बढ़ते हुए टियर-3 शहरों में दर्ज हुई है। इससे प्रदर्शित होता है कि मीशो किस प्रकार इन ब्रांड्स के लिए टियर 3$ बाजारों के दरवाजे खोल रहा है और उन्हें अपने ग्राहकों का विस्तार करने में समर्थ बना रहा है। मीशो द्वारा मॉल पर अपने ब्रांड का विस्तार किया जा रहा है।

# महिला सशक्तिकरण से ही सशक्त समाज संभवः डॉ. रविंद्र मिश्रा

**मुंबई(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग के मुख्य महासचिव डॉ. रविंद्र मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर देशभर की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिवस महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि यह समाज के समग्र विकास का आधार है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होंगी, तब समाज और राष्ट्र प्रगति की ओर अग्रसर होगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका बहुआयामी है। वे परिवार, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, राजनीति, खेल, उद्योग और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। भारतीय इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने सदियों से अपनी शक्ति, बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता से समाज को दिशा दी है। झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, सरोजिनी नायडू, कल्पना चावला, किरण बेदी, सायना नेहवाल और कई अन्य महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में महिलाएँ हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कई तरह की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा, असमान वेतन, शिक्षा की कमी, कार्यस्थल पर भेदभाव और राजनीतिक भागीदारी की सीमाएँ अभी भी हमारे समाज की प्रमुख समस्याएँ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आयोग देशभर में महिलाओं को न्याय दिलाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयासरत है। आयोग द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं।

1. कानूनी सहायता एवं परामर्शः महिलाओं के खिलाफ हिंसा, घरेलू शोषण, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे मामलों में कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।

2. शिक्षा एवं जागरूकता अभियानः महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार, कार्यशालाएँ और डिजिटल माध्यमों से प्रशिक्षण दिया जाता है।



3. आर्थिक स्वतंत्रता के लिए पहलः महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाती है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

4. महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यानः महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोग विभिन्न सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रहा है।

5. महिला हेल्पलाइन और शिकायत निवारण केंद्रः आयोग महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन और शिकायत केंद्रों का संचालन कर रहा है।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रमुख हैंः बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनाः इस योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना और लिंगानुपात में सुधार लाना है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाः ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास किया गया है। महिला हेल्पलाइन (181)ः संकट की स्थिति में महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए यह हेल्पलाइन चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाः महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। सुकन्या समृद्धि योजनाः इस योजना के तहत लड़कियों की शिक्षा और भविष्य की सुरक्षा के लिए बचत योजना चलाई जा रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार की इन योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिल रहा है, लेकिन जब तक समाज खुद आगे बढ़कर महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान नहीं देगा, तब तक महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य पूरी तरह सफल नहीं हो सकता। डॉ. रविंद्र मिश्रा ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सरकार और संगठनों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। इसके लिए हमें निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान देना होगा।

## जयेश ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** स्थित जयेश ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने हाल ही में इंडिया ताइक्वांडो चैंपियन ऑफ चैंपियंस राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। बता दें कि राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 1 मार्च से 3 मार्च, 2025 तक विभागीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अडगांव नाका, नासिक में आयोजित की गई थी। इंडिया ताइक्वांडो द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जयेश ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत एवं ग्रुप पूमसे वर्ग में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में जयेश ताइक्वांडो टीम के खिलाड़ियों ने महाराष्ट्र टीम का नेतृत्व किया। मुख्य कोच जयेश वेल्हाल के मार्गदर्शन में टीम के सदस्यों तनिष्का वेल्हाल, प्रति देसाई और जियाना पडियार ने व्यक्तिगत और ग्रुप पूमसे श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते, अर्नव अत्रे और निशांत शिंदे ने रजत पदक जीते और यश दलवी ने कांस्य पदक जीता। इस वर्ग में चंदन परिदा, अमित यादव और शरत अर्तुल ने कांस्य पदक जीते।

## कल्याण डोंबिवली क्षेत्र में झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना प्रभावी रूप से लागू करें

### भाजपा प्रदेश कार्याध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की प्राधिकरण अधिकारियों के साथ चर्चा

**डोंबिवली-मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में निजी और सरकारी भूमि पर झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। प्रत्येक लाभार्थी को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए, इस दिशा में प्रयास करने के निर्देश भाजपा के प्रदेश कार्याध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने बुधवार को मुंबई में झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए।



झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना की अब तक मुंबई महानगर क्षेत्र प्राधिकरण के अंतर्गत कितनी क्रियान्वित हुई है और आगे इसे किस प्रकार लागू किया जा सकता है? लाभार्थियों को इस योजना का अधिकतम लाभ कैसे मिलेगा? साथ ही, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में इस योजना को और प्रभावी तरीके से कैसे लागू किया जा सकता है क्या? इन विषयों पर चर्चा के लिए भाजपा प्रदेश कार्याध्यक्ष एवं डोंबिवली के विधायक रविंद्र चव्हाण ने बुधवार को मुंबई में झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में प्राधिकरण की उप-जिलाधिकारी अश्विनी जोशी, तहसीलदार विजय वाकोड़े, सहायक अधिकारी हर्षद घोटेकर उपस्थित थे। मुंबई महानगर क्षेत्र प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले कल्याण-डोंबिवली नगर निगम समेत उन सभी स्थानीय स्वशासी संस्थाओं के क्षेत्रों में, जहाँ इस योजना को तुरंत लागू करने की अनुकूल परिस्थितियाँ हैं, वहाँ इसे शीघ्र आरंभ किया जाए। इस योजना से कोई भी वास्तविक लाभार्थी वंचित नहीं रहना चाहिए।

प्राधिकरण के अन्य क्षेत्रों में भी निजी और सरकारी भूमि पर झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना को अधिक प्रभावी और तीव्र गति से लागू करने के लिए प्राधिकरण को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। यदि इस योजना के क्रियान्वयन में कोई बाधाएँ आ रही हैं, तो उन्हें सरकार स्तर पर हल करने के लिए हम पहल करेंगे, ऐसा आश्वासन विधायक रविंद्र चव्हाण ने झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी यह विश्वास दिलाया कि वे कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में इस योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## देशद्रोही अबू आजमी को भारत में रहने का अधिकार नहीं: एसएम खान

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सपा विधायक अबू हाशिम आजमी द्वारा औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान से जहां पूरे भारत में माहौल गर्म है, वहीं भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के महाराष्ट्र उपाध्यक्ष एसएम खान ने आजमी के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि देशद्रोही विचार धारा की भावना रखने वाले अबू हाशिम आजमी जिस तरह से एक अत्याचारी का महिमा मंडन किया है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी के बड़े नेताओं के आदेश का इंतजार कर रहे हैं, आदेश मिलते ही हम आजमी के घर का घेराव करेंगे और उनका बाहर निकलना मुश्किल



कर देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की घटिया सोच की वजह से हिंदू और मुसलमान के बीच की दीवारें खड़ी हो रही हैं तथा आपसी भाईचारा खत्म हो रहा है। घृणित और निंदनीय बयान दिया है, हमारे पार्टी के हमारे हाई कमान नेताओं का बस एक आदेश का हम इंतजार कर रहे हैं आदेश आते ही अबू हाशिम आजमी के घर का हम घेराव करेंगे घर के बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे आराध्य देव हैं। उनकी सेना में अनेक देशभक्त मुसलमान बड़े पदों पर थे। खान ने कहा कि ऐसे देशद्रोही व्यक्ति के लिए देश में कोई जगह नहीं होना चाहिए।

## आज समाज के सभी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है : डॉ. एस अन्नामलाई

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महिलाएं आज देश विदेश में प्रशासनिक, वैज्ञानिक, राजनीतिक, शिक्षा, चिकित्सा और खेल कूद में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यूं कहा जाय कि महिलाएं आज की २१ वीं सदी में पुरुषों के बराबर ही सभी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपरोक्त बातें शिवसेना संगठक और उपविभाग प्रमुख डॉ. एस अन्नामलाई ने साकीनाका के सत्यनगर में चांदीवली शिवसेना शाखा क्रमांक १६२ की ओर से आयोजित महिलाओं के हल्दी कुंकू समारोह में कही। बता दें कि ८ मार्च को विश्व महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में पूर्व नगरसेविका ललिता अन्नामलाई की ओर से भव्य रूप से हल्दी कुंकू समारोह का आयोजन किया गया। हल्दी कुंकू समारोह में भारी संख्या में




साकीनाका के सत्यनगर और कृष्णानगर की महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर डॉ. एस अन्नामलाई ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की संयोजक पूर्व नगरसेविका ललिता अन्नामलाई ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के ऊपर घर चलाने से लेकर बच्चों की शिक्षा दीक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। अपने बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए महिलाओं को विशेष ध्यान देना होगा।

हल्दी कुंकू समारोह को सफल बनाने के लिए डॉ संतोषवेल अन्नामलाई ने काफी भागदौड़ की। इस अवसर महिलाओं को रोटी गरम रखने के लिए हॉट पॉट वितरित किया गया।

## ऑटो रिक्सा चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

### चोरी के रिक्सा अलग -अलग जिलों में बेचने में माहिर

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण शहर की कोलसेवाड़ी पुलिस ने रिक्शा चोरी के आरोप में डोंबिवली से एक 42 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम राजेंद्र जाधव बताया गया है । जो कोलेगाव का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चार ऑटो रिक्शा बरामद की है। कोलसेवाड़ी थाने के इंचार्ज गणेश नहायदे के अनुसार शहर में बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों को ध्यान में रखते हुए डीसीपी अतुल झेंडे ने इन आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए संबंधित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को उचित जांच करने और खुलासा करने का



आदेश दिया। इसी कड़ी में कोलसेवाड़ी थाने की टीम ने रिक्शा चोरी के मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। जांच के दौरान संदिग्ध राजेंद्र को पुलिस ने सौ फीट रोड़ परिसर से हिरासत में लिया। डीसीपी झेंडे ने बताया कि आरोपी द्वारा पार्किंग में खड़ी रिक्शा का लॉक तोड़कर चोरी किया करता था। उसके बाद चुराई हुई गाड़ियों को अलग -अलग जिले में बेच देता था। उसके पास से पुलिस ने कुल चार रिक्शा बरामद की है।

## अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी बाजार पर डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट

**मुंबई।** डिजिटल इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तेजी से बढ़ते अवैध ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर को खत्म करने के लिए एक इकोसिस्टम एप्रोच अपनाना होगा। इसके लिए मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है। यह फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी थिंक टैंक है, जो डिजिटल समावेशन और विकास को बढ़ावा देता है। भारत में अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी बाजारः आकार एवं सहयोगी (इलिगल गैंबलिंग एंड बेटिंग मार्केट इन इंडियाः द स्केल एंड इनेबलर्स) शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित नीतियों का विश्लेषण किया गया और पाया गया कि पैसे देकर विज्ञापन चलाने को लेकर सख्त नियम हैं, लेकिन इन्हें लेकर प्रवर्तन असंगत है।

भारत में अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी का इकोसिस्टम डिजिटल विज्ञापनों, सोशल मीडिया एवं मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, क्रिप्टोकरेंसी जैसी पेमेंट टेक्नोलॉजी आदि से जुड़े सिस्टम के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संचालित होता है। यह अवैध सेक्टर प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर से अधिक का है। डिजिटल के प्रसार, तकनीकी प्रगति और नियामकीय अनिश्चितता के कारण यह प्रति वर्ष 30% की दर से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अवैध जुए और सट्टेबाजी का स्तर चौंका देने वाला है। विश्लेषण में शामिल चार प्लेटफॉर्म झ पेरीमैच, स्टेक, 1एक्सबेट और बैटरी बेट पर मात्र तीन महीनों (अक्टूबर से दिसंबर, 2024) में 1.6 अरब विजिट देखने को मिली। इन चारों प्लेटफॉर्म पर ट्रैफिक सोर्स के विश्लेषण से पता चला है कि इन तीन महीनों में सोशल मीडिया से 4.28 करोड़ विजिट आई। यह ट्रैफिक फेसबुक विज्ञापन नेटवर्क, प्रमोटेड कंटेंट, इन्फ्लूएंसर मार्केटिंग और सोशल मीडिया एंगेजमेंट कैंपेन जैसे डायरेक्ट पेड विज्ञापनों से आता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि इस दिशा में एक व्यापक रणनीति अपनाई जानी चाहिए। इसके तहत अवैध बाजार के प्रमुख इनेबलर्स के रूप में काम आने वाले गूगल एवं मेटा आदि को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

साथ ही अनुपालन को सख्त किया जाना चाहिए। अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जरूरी है कि प्रवर्तन उपायों को अलग-अलग वेबसाइट ब्लॉकिंग से आगे बढ़ाते हुए एक व्यापक इकोसिस्टम एप्रोच की ओर ले जाया जाए।

## ऑल्ट डीआरएक्स ने रियल एस्टेट पोर्टफोलियो लॉन्च किया

**मुंबई।** डिजिटल रियल एस्टेट निवेश फर्म ऑल्ट डीआरएक्स ने मुंबई के उच्च-विकासशील उपनगरों में अपने अभूतपूर्व रियल एस्टेट पोर्टफोलियो के लॉन्च की घोषणा की है। यह रणनीतिक पहल भारत के सबसे गतिशील रियल एस्टेट बाजारों में निवेशकों को बेहतरीन अवसर प्रदान करने के लिए की गई है। इस पोर्टफोलियो की पहली संपत्ति है लोधा अमारा, जो कि लोधा ग्रुप की एक प्रमुख आवासीय परियोजना है और ठाणे में स्थित है। पोर्टफोलियो मुंबई ऊपगनरीय आवासीय रियल एस्टेट में निवेश का अवसर प्रदान करता है। यह संपत्ति एक ग्रेड-ए डेवलपर द्वारा निर्मित है और इसकी खासियत है कि यह एक शांत जलधारा के पास स्थित है, जहां से जंगल के खूबसूरत दृश्य दिखाई देते हैं।ऑल्ट डीआरएक्स के संस्थापक अविनाश राव ने कहा, ҅इस पोर्टफोलियो का उद्देश्य केवल रियल एस्टेट निवेश नहीं, बल्कि व्यक्तियों और परिवारों के लिए उनके भविष्य में निवेश करने के नए रास्ते खोलना है। मुंबई भले ही समग्र रूप से एक धीमी गति से बढ़ता बाजार लगे, लेकिन इसके उपनगरों में कई अनदेखे अवसर हैं, जिनमें पूंजी वृद्धि और किराए से होने वाली आय की अपार संभावनाएं हैं। हमारा लक्ष्य निवेशकों को ग्रेड-ए बिल्डर्स की बेहतरीन संपत्तियों तक पहुंच प्रदान करके उन्हें आत्मविश्वास के साथ निवेश करने का अवसर देना है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# स्कूल संचालक के घर से चोरों ने लाखों की नगदी व जेवरात किया पार

## पुलिस ने नौकरानी को हिरासत में लिया

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के चितईपुर थाना के नेवादा इलाके में स्थित राजेंद्र विहार कॉलोनी में



स्कूल संचालक श्रवण कुमार सिंह के घर पर चोरी की बड़ी वारदात हुई चोरों ने करीब 1 करोड़ के जेवर और 5 लाख नगदी पर हाथ साफ कर दिया। श्रवण कुमार रात रविवार को अपने परिवार के साथ कोलकाता एक शादी समारोह में गए थे। अपने घर की देखभाल करने के लिए एक चाबी अपने नौकरानी को दिए थे। जबकि दूसरी चाबी अपने पास रखी बुधवार को सुबह नौकरानी ने फोन करके श्रवण कुमार को चोरी की सूचना दी। खबर मिलते ही श्रवण कुमार आए और पुलिस को मामले की जानकारी दी चोरी की सूचना मिलते ही भेलूपुर डॉ.ईशान सोनी फॉरेंसिक टीमके साथ और चितईपुर पुलिस के साथ पहुंचे मौके पर पता चला चोर मुख्य दरवाजे से ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए। घर के पांच कमरों के ताले तोड़े गए केवल पिता के कमरे का ताला नहीं तोड़ा गया। पुलिस ने घर में काम करने वाली नौकरानी को हिरासत में लिया और श्रवण कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और जांच में जुट गई।

# श्रद्धालुओं के लिए खेतासराय थाना पर पहुंचा त्रिवेणी संगम प्रयागराज का पवित्र अमृत जल

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के



सफल समापन उपरान्त मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निदेर्शों के क्रम में थाना क्षेत्र खेतासराय, जौनपुर के जो श्रद्धालु किन्ही कारणों से प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करने नहीं जा सके उन श्रद्धालुओं के लिए त्रिवेणी संगम, प्रयागराज का पवित्र अमृत जल अग्निशमन विभाग के फायर टेण्डर के माध्यम से पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में थाना खेतासराय जनपद जौनपुर में लाया गया हैं। जिसका वितरण दिनांक 07.03.2025 को समय 11.00 बजे से रामाश्रय राय, थानाध्यक्ष खेतासराय जनपद जौनपुर द्वारा थाना खेतासराय प्रांगण में स्थित मन्दिर से किया जायेगा। श्रद्धालुओं व आम जनमानस से अपील हैं कि वे अपना-अपना जलपात्र साथ लाकर थाना खेतासराय प्रांगण में स्थित मन्दिर से त्रिवेणी संगम, प्रयागराज का पवित्र अमृत जल प्राप्त कर, इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाये और संगम के पवित्र अमृत जल से आध्यात्मिक आनन्द प्राप्त करें। थानाध्यक्ष थाना खेतासराय, जौनपुर।

# नहर कटने से किसानों की लाखों की फसल बर्बाद

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शारदा सहायक खण्ड 39 नहर सोंहासा में कटने से कई बीघा गेहूं की



फसल जलमग्न हो गई है जिससे सैकड़ों किसानों की लाखों की फसल बर्बाद हो गई है। बुधवार की बीती रात को शारदा सहायक खंड 39 से निकली नहर सोंहासा में अचानक कट गई. जिससे आधा दर्जन किसानों का खेत जलमग्न हो गया। गांव के लाखों की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। गुरुवार की सुबह जब किसान अपने खेतों को देखा तो खेत पानी से भरा हुआ था नुकसान देखकर उनके माथे पर पसीना आ गया। किसानों ने इसकी सूचना सिंचाई विभाग के जेई रवि सिंह को दी। गांव के लोगों का आरोप है कि जेई ने कहा कि नहर कट गई है तो हम क्या करें। किसान जवाब सुनकर नहर को बांधने में किसान जुट गए। और किसी तरीके से नहर को बांधा। नहर कटने से बृजलाल पटेल ढाई बीघा, लवकुश पटेल 15 बिस्सा, रवि कुमार एक बीघा व निर्मला देवी 15 बिस्सा, त्रिपुरारी शंकर पटेल 6 बींधा समेत कई किसानों की फसल बर्बाद होने से लाखों का नुकसान हो गया।

# जौनपुर महोत्सव के माध्यम से जनपद के कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का मिलेगा अवसर: गिरीश चन्द्र यादव

## तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव की तैयारी के संबंध में हुई बैठक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के शाही किला में 10 मार्च से 12 मार्च 2025 तक प्रस्तावित तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव के तैयारी के संबंध में बैठक खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के सिपाह स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव रहे। बैठक में नगर के प्रमुख कार्यकताओं को संबोधित करते हुए



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि जौनपुर महोत्सव के मंच के माध्यम से जनपद के कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। महोत्सव में 500 से अधिक जोड़े का सामूहिक विवाह के माध्यम से विधि विधान से विवाह कराया जाएगा।परिषदीय स्कूलों एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाएगा। महोत्सव में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिससे जनपद व देश के नामी कवि भाग लेगे। महोत्सव में सांसद व अभिनेता रवि किशन सांसद, दिनेश लाल यादव निरहुआ व आम्रपाली दुबे और बॉलीवुड सिंगर वरदान सिंह भी अपना अमूल्य समय देगे। महोत्सव में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के परिवार वालों, शाहिद के परिवार वालों को सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारिता, कला, संस्कृति, गायन, शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष कमलेश निषाद, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि डा0 रामसूरत मौर्या, प्रतिनिधि अजय सिंह, मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, प्रदीप तिवारी, अमित श्रीवास्तव, ब्रह्मेश शुक्ला, धर्मपाल कन्नौजिया, बसंत प्रजापति, नंदलाल, सुनील, सीपीन, यशवन्त साहू, जय विजय, विष्णु, शिव कमल, अभिषेक, पुष्पेंद त्यागी, सचिन पाण्डेय व रमेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# रमजान का महीना सिर्फ इबादत का महीना: एहसानुल कादरी

## इफ्तार का हुआ आयोजन

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आज मदरसा कलंदरिया शेखपुरा जेल के




नजदीक में खत्म कुरान तराबीह के मौके पर एक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया इस मौके पर मौलाना अहसान उल कादरी ने अपनी एक तकरीर में लोगों से रमजान के महीने में खूब इबादत करने की बात कही। कहा कि हर मुस्लिम को समाज और देश के प्रति सम्पूर्ण रूप से समर्पित रहने को कहा। इस मौके पर इफ्तार हाजी मोहम्मद असलम की तरफ से आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से अकरम अली, मोहम्मद आलम, फराज अली, गुलशाद अहमद, अफजल, फरहान अहमद, सलीम, मो फराज अली, धीरज सिंह, रंजीत गुप्ता, अमन साहू, अहमद सलीम आदि लोगों सहित भारी संख्या में लोगों इफ्तार पार्टी में शामिल हुए वही जौनपुर की गंगा जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाते हुए देश और राज्य में अमन और शांति की दुआ मांगी गई।

# रमजान एवं होली पर्व पर विद्युत आपूर्ति, पेयजल व साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला शांति समिति की बैठक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि रमजान महीने और होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में मस्जिदों और ईदगाह की सफाई, चूने का छिड़काव सहित अन्य व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। होलिका दहन स्थल के आसपास सफाई करने हेतु निर्देश दिया गया।अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि यदि कहीं जर्जर तार हो तो उसे तत्काल बदल दिए जाए, त्योहारों के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति बनी रहे। किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या न आने पाए। इसके लिए कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरे को चेक कर लिया जाए और यदि कोई सीसीटीवी खराब है तो उसे तत्काल ठीक करना सुनिश्चित किया जाए।शांति समिति के सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया कि जनपद में होली के दिन मध्यान्ह 12.00 बजे तक ही रंग खेला जाए। जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को आगामी त्यौहारों की बधाई देते हुए अपील किया कि जनपद में होली के दिन मध्यान्ह 12.00 तक ही रंग खेला जाए तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाया जाए।अभिहित अधिकारी खाद्य को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किया जाए, जिसमें दूध, खोवा सहित अन्य दुग्ध पदार्थों आदि में मिलावट करने वालों पर कार्यवाही की जाए, इसके लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि एक समिति बनाकर मिलावट करने वालों पर कार्यवाही करे।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सीओ और उप जिलाधिकारी तहसीलों में भी शांति समिति की बैठक करना सुनिश्चित करें। सभी को निर्देशित दिया कि त्योहार रजिस्टर को अनिवार्य रूप से पढ़ लिया जाए, त्योहारों के दौरान कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के प्रसार से बचे। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों का प्रसार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक में कहा कि जौनपुर बुद्धिजीवियों का शहर है इसलिए आगामी त्यौहारों को गंगा जमुनी की तहजीब रखते हुए मनाया जाए। सभी एसडीएम व सीओ तहसीलों पर भी शांति समिति की बैठक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चैहान, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।



# चार पहिया वाहन की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की मौत

गाजीपुर(उत्तरशक्ति)। नंदगंज थाना क्षेत्र के सोन्हुली ग्राम के निवासी पूर्व ग्राम प्रधान रामलोचन सिंह यादव उम्र 55 वर्ष की बुधवार की रात्रि? मोटरसाइकिल से 8 बजे के लगभग डुबकियां पेट्रोल पम्प के समीप धक्का लगने से सिर मे गंभीर चोट आने से तत्काल मौत हो गयी। मृतक रामलोचन स्व. उदयनाथ सिह यादव पीटी मास्टर के बडे पुत्र थे। जो सोन्हुली ग्राम के रसूलपुर च?कहवा गांव के निवासी थे। पूर्व ग्राम प्रधान के रूप मे गांव सहित पूरे क्षेत्र मे काफी लोक प्रिय थे। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक मोटरसाइकिल से बुधवार की रात्री मे एक शादी मे शरीक होने के लिए वाराणसी गये थे।घर ल?टते समय डुबकिया पेट्रोल पम्प के समीप फोर ह्वीलर से धक्का लगने से हेलमेट दूर जा गिरा तथा शिर मे गंभीर चोट आने से तत्काल दम तोड दिया। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये हैं।

# मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने अपहरण करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस टीम ने प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अपहरण करने वाले एक आरोपी शेषमणि मौर्या उर्फ चवन्नी पुत्र सुरेश मौर्या निवासी हसनपुर चकिया थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 0028/25 धारा 87/137(2) बीएनएस को गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मड़ियाहूं पुलिस ने अपहृता को भगाने व छिपाने वाली आरोपी को किया गिरफ्तार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहूं पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-46/25 धारा-137(2), 61(2) बीएनएस से संबंधित आरोपी पूजा पत्नी रामू पासी निवासी ग्राम पाही भटहर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को थाना क्षेत्र मीरगंज के ग्राम पाही भटहर से आरोपी के घर से गिरफ्तार किया गया अग्रेतर कार्यवाही किया जा रहा है।

# पोखरा के किनारे युवक का शव पाए जाने से सनसनी

**आफताब आलम**, मानीकलाँ,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय थाना क्षेत्र के अमरेथूवा गांव में ईंट भट्टे के नजदीक पर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना गुरुवार तड़के की है जब आसपास के ग्रामीण लोग अपने अपने दैनिक कार्य से घर के बाहर निकले तो देखा की एक युवक का शव वहां पड़ा हुआ है। ग्रामीणों की भीड़ में से किसी ने पुलिस को सूचना दिया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने इसकी शिनाख्त कर लिया वह आजमगढ़ जनपद के थाना फूलपुर ग्राम इटकुहिया निवासी अखिलेश कुमार गौतम के नाम से पहचान कर लिया है। पुलिस का अनुमान है कि अधिक शराब पीने के कारण वह पोखरे के किनारे बेहोश हो गया और ठंड लगने के कारण उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मौत का सही कारण पता लगाने के लिए लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई।उसके परिजनों को सुचित किया जा चुका हैं।

# होली एवं रमजान पर्व को लेकर खाद्य विभाग ने की छापेमारी, लिये गये 10 नमूने

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, देवाशीष उपाध्याय ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन के क्रम में आगामी होली एवं रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थो के भण्डारण/विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जनपद जौनपुर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये जा रहे। प्रवर्तन कार्यवाही के क्रम में 06 मार्च 2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिपिन कुमार गिरि, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार वर्मा एवं श्रीमती अपराजिता तिवारी द्वारा जनपद के विभिन्न बाजारों में कार्यवाही की गयी जिसमें कुल निरीक्षण 24, कुल छापे 09, कुल संग्रहीत नमूनों 10, जारी सुधार नोटिस की संख्या 07 है। जिसमें सिरकोनी बाजार में पेड़ा, खोया, जगदीशपुर में तेल, दूध, जलालपुर बर्फी, पेड़ा, खोया, कल्यानपुर कबूलपुर बाजार इमली जेली, कचरी, जफराबाद बाजार नमकीन संग्रहीत खाद्य का नमूना संग्रहण किया गया।

# युवा व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बनाये गये सन्तोष अग्रहरि

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जौनपुर की बैठक सुतहट्टी बाजार स्थित कैम्प कार्यालय पर पूर्व चेयरमैन जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन की अध्यक्षता में हुई। कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द स्वरूप मिश्रा द्वारा पूर्व सदस्य जिला पंचायत, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एवं युवा जिलाध्यक्ष रहे सन्तोष अग्रहरि को प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष पद द्वारा सुशोभित किए जाने पर प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण कर बधाई दिया गया।बैठक में प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श कर जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने लखौवां बाजार निवासी फामेर्सी कालेज प्रबन्धक सन्तोष अग्रहरि को युवा जिलाध्यक्ष तथा मछलीशहर निवासी शिशिर गुप्ता को जिला महामंत्री पद पर घोषित करते हुए एक सप्ताह में कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्देशित किया। इसी क्रम में दीपक गुप्ता को युवा उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्वीकृति उद्बोधन में नवनियुक्त जिला युवा अध्यक्ष व महामंत्री ने जिला नेतृत्व की प्रति आभार व्यक्त करते हुये जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्व के निर्वहन हेतु संकल्प व्यक्त किया।सम्मानित करने एवं बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, प्रदेश मंत्री महेंद्र प्रसाद सोनकर, जिला संरक्षक राजदेव यादव, महामंत्री रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष बनवारी लाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, नगर महामंत्रीद्वय मुन्ना लाल अग्रहरि, मनोज साहू, लायंस क्लब जौनपुर के अध्यक्ष संजय केडिया, चेतन टंडन, आशीष गौतम, अभिषेक गोल्डी, मनोज सोनकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान युवा जिलाध्यक्ष, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष सन्तोष अग्रहरि ने किया। अन्त में चेतन टंडन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



# शिकायतों का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए: डा.अर्चना मजूमदार

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला अपराध से संबंधित मामलों की हुई जनसुनवाई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डा0 अर्चना मजूमदार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला अपराध से संबंधित मामलों की जनसुनवाई गुरुवार को आयोजित की गई। सदस्य के समक्ष जनसुनवाई के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने महिला अपराध से जुडी शिकायतों तथा अपनी समस्याओं को रखा। जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने त्वरित समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय दिलाने में देरी का अर्थ है व्यक्ति को न्याय से वंचित




रखना। इस लिए महिला अपराधों, घरेलू हिंसा आदि से सम्बन्धित ममलों में शीघ्र कार्यवाही कर न्याय दिलाना सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य का जनपद में स्वागत करते हुए कहा कि सदस्य महिला आयोग के आगमन से निश्चित रूप से महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण में गति मिलेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों की तरफ से आश्वस्त कराया है कि दिये गये निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जायेगा। सदस्य ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार, विधिक अधिकारी मनमोहन शर्मा, दीपाली श्रीवास्तव, पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लाइफ डेंटल केयर हॉस्पिटल पर नि:शुल्क दाँत शिविर का हुआ आयोजन

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लाइफ डेंटल केयर हॉस्पिटल निकट मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर पर आज निःशुल्क दाँत शिविर का आयोजन हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र के रोगियो ने अपने दाँतो का चेकअप कराया। दाँतो के चेकअप के बाद निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। दाँतो की साफ सफाई के लिए डॉ.अरिबुज्जाम ने उसके उपाये बताए और ठंडा गर्म से दाँतों को कैसे बचाया जाये उसके बारे में रोगियो को जानकारी दी। दर्जनों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे आदि रोगी उपलब्ध थे। सीनियर मैनेजर जैगम, महिला देवी, मोहम्मद आसिफ, शिशिर मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।



# ई-लाटरी की प्रक्रिया से हुई आबकारी दुकानों की नीलामी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जनपद में आबकारी दुकानों की ई-लाटरी की प्रक्रिया प्रेक्षागृह कलेक्ट्रेट में पर्यवेक्षक, मंडलायुक्त वाराणसी श्री कौशलराज शर्मा के निर्देशन तथा जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जनपद जौनपुर में प्रथम चरण की ई-लॉटरी में 280 देशी मदिरा दुकानों, 160 कंपोजिट शॉप एक मॉडल शॉप और 57 भांग की दुकानों का व्यवस्थापन हुआ। प्रथम चरण में जनपद जौनपुर की सभी दुकानें व्यवस्थित हो गई हैं तथा प्रथम चरण में ही जनपद जौनपुर का व्यवस्थापन शत-प्रतिशत



हो गया है।

इस अवसर पर मंडलायुक्त श्री कौशल राज शर्मा ने कहा कि नए आवंटन अब ई लॉटरी के माध्यम से किये जा रहे हैं। इसके साथ ही कंपोजिट शॉप की व्यवस्था भी की गई है। ई लॉटरी के माध्यम से चयन में पारदर्शिता आएगी तथा चयन प्रक्रिया में आसानी होगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## शिविर में 200 लोगों का एचआईवी, वीडीआरएल, एचबीएसएजी व एचसीवी का हुआ नि:शुल्क जांच व दवा वितरण

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब आराजी लाइन विकासखंड मुख्यालय के पास इंडियन हॉस्पिटल के सामने बीरभानपुर कचनार राजातालाब में बुधवार को नोडल अधिकारी डा० मुकुंद श्रीवास्तव की देखरेख में श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय वाराणसी के संपूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा 'सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा तक 'मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नगीना पटेल के प्रतिनिधि डॉ महेंद्र सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव,नोडल अधिकारी मुकुंद श्रीवास्तव, डॉ पीयूष राय डीटीओ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ नवीन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया।स्वास्थ्य जांच शिविर में श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय तथा पंडित दीनदयाल हॉस्पिटल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आराजी लाइंस के डॉक्टरों द्वारा आए हुए लोगों का निशुल्क जांच तथा दवा वितरण किया गया।कैंप में लगभग 600 लोगों का पंजीकरण तथा लगभग 200 लोगों का एचआईवी, वीडीआरएल, एचबीएसएजी व एचसीवी का जांच किया गया।अंत में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा आयोजित मेगा कैंप में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सहयोगी कर्मचारियो तथा टी आई एनजीओ एवं सहयोगी स्टेक होल्डरों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख नगीना सिंह पटेल ,एसएसके मैनेजर राकेश कुमार, मनिषा राय, विशाल कुमार शास्त्री, बच्चा लाल यादव,किशन पाल,मनीष सोनकर,विंद्र सहाय कैरियर गुरु, डॉ नंदकिशोर,डॉ सुभाष पटेल, राम सिंह, राम अजोर सिंह,धर्मेंद्र पटेल,मुन्नी केशरी इत्यादि सहयोगी गण शामिल रहे।



## होली को लेकर चलेंगी अतिरिक्त ट्रेनें

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से होली को लेकर अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी। आठ मार्च से ट्रेनें चलेंगी, जो गोरखपुर होकर जाएंगी। मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार, आनंद विहार टर्मिनस से मुजफ्फरपुर के लिए होली विशेष गाड़ी का संचलन आठ मार्च से होगा। इसी के साथ सियालदह से गोरखपुर के लिए होली विशेष गाड़ी का संचलन सियालदह से आठ मार्च से होगा। वहीं अमृतसर से सहरसा जाने के लिए होली विशेष गाड़ी का संचलन अमृतसर से आठ मार्च से किया जाएगा। इसी के साथ सरहिंद से जयनगर के लिए चलाई जाने वाली होली विशेष गाड़ी का संचलन सरहिंद से सात मार्च होगा। आनंद विहार टर्मिनल से होली स्पेशल गाड़ी छह व 10 मार्च से चलाई जाएगी। इसके साथ ही कुछ गाड़ियों के निरस्त व मार्ग परिवर्तन किया गया है। भागलपुर से जम्मूतवी जाने वाली भागलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस छह मार्च को निरस्त रहेगी। साथ ही आनंदनगर-बृजमनगंज स्टेशनों के मध्य इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लाक दिए जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण तथा शॉर्ट टर्मिनेशन, शॉर्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। इसमें नकहा जंगल-गोंडा डेमू गाड़ी सात मार्च को नकहा जंगल से 100 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी। गोरखपुर-बढ़नी डेमू गाड़ी सात मार्च को बढ़नी के स्थान पर आनंदनगर स्टेशन पर सुबह 10.40 बजे पहुंचेगी।

## शराब पिलाकर जमीन का बैनामा कराया, दो गिरफ्तार

**रानी की सराय।** कार में बहला फुसला कर बैठाने और शराब के नशे में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर सवा तीन बिस्वा जमीन का बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। 10 लाख रुपये बिस्वा के हिसाब से सवा तीन बिस्वा जमीन की कीमत 32 लाख रुपये बताई जा रही है। जलालपुर गांव निवासी ओम प्रकाश सरोज पुत्र स्व. बालकिशुन ने गांव के एक व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर जमीन बैनामा कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में ओमप्रकाश ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने बुधवार को रानी की सराय से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ओमप्रकाश ने बताया कि वह परिवार के साथ मड़ई में रहता है। बीते 10 फरवरी की सुबह गांव के के अवधेश सरोज और उनके साथी कैलाश सरोज पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजन के तहत आवास दिलाने के लिए झांसे में लेकर वाहन से आजमगढ़ लाए। इस बीच जान से मारने की धमकी दी। जबरदस्ती शराब पिलाकर धोखे से जमीन के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके अलावा अंगूठा निशान लगवा कर आधार कार्ड से 80,000 रुपये निकलवा लिए। आधार कार्ड भी अपने पास रख लिया। घर लौटने के दौरान चेतावनी दी कि इसके बारे में किसी से कुछ नहीं बताना। बाद में उसने इस मामले की जानकारी अपने भाई रामचरन सरोज और रामचंदर सरोज को दी। अपने भाइयों के साथ अवधेश सरोज के घर गया तो अवधेश आग बबूला होकर भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीड़ित जब रजिस्ट्री विभाग में जाकर पता किया तो जानकारी हुई कि बिना कोई प्रतिफल दिए हाईवे के किनारे की कीमती जमीन धोखाधड़ी करके ले ली गई है। पीड़ित ने पूरे मामले की जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। तहरीर मिलने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी अवधेश कुमार और कैलाश सरोज को गिरफ्तार कर लिया। जलालपुर गांव के ओमप्रकाश ने धोखाधड़ी कर हाईवे की जमीन को दो लोगों द्वारा अपने नाम कराने की तहरीर दी थी। तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया गया है।

## नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मुजफ्फरनगर(उत्तरशक्ति)। चरथावल क्षेत्र में बरात से लौट रहे विहिप प्रंखड कार्यकर्ता की नीलगाय के टकराने से मौत हो गई। हादसा चरथावल के निकट मुख्य मार्ग पर हुआ। गांव में शो छा गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार रात गांव छिमाऊ निवासी विहिप कार्यकर्ता सागर (23) बाइक से मेरठ जनपद के रार्धना गांव से चचेरे भाई की बरात से लौट रहा था। उसके साथ मामा के दो लड़के भी थे। मुजफ्फरनगर-चरथावल मार्ग पर अमीगढ़ की पुलिया से आगे निकलने पर सीएनजी पंप के निकट अचानक एक नीलगाय बाइक के सामने आ गई। नीलगाय से टकराने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया। तेज टक्कर लगने के कारण सागर बाइक से दूर जाकर गिरा। मौके पर मौत हो गई। उसके साथियों ने घर पर फोन कर सूचना दी। थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। युवक की मौत पर गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। नौजवान के निधन के कारण गांव में दो अन्य शादियों में आयोजकों ने डीजे एवं रथ को वापस कर दिया। विवाह और मंढे की रस्म सादगी से पूरी हुई। सागर की शादी करीब आठ महीने पूर्व रेखा से हुई थी। माता-पिता एवं पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह नजदीक के गांव बड़गांव जनपद सहारनपुर में कपडे.की दुकान का संचालन कर परिवार की आजीविका चलाता था। विहिप जिला मंत्री सोहनवीर सिंह, मुकेश गर्ग, प्रधान मुकेश कुमार सहित तमाम कार्यकताओं ने शोक जताया।

## स्कूल के बाहर लिखी जा रही थीं भौतिक विज्ञान की कॉपियां, STF ने चार को किया अरेस्ट

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। बच्चों को कठिन लगने वाला विषय भौतिक विज्ञान है और इंटरमीडिएट के इसी विषय की परीक्षा गुरुवार को थी। यूपी बोर्ड परीक्षा में सामान्यतः नकल माफिया सक्रिय होते हैं। इसी के मद्देनजर एसटीएफ वाराणसी की टीम को छापेमारी में एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। आजमगढ़ जिले के कामता प्रसाद इंटर कालेज मड़हर के बाहर भौतिक विज्ञान की कॉपियां लिखते हुए चार लोग पकड़े गए। एसटीएफ व पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षा चल रही है। इसके लिए 282 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गुरुवार को भी दो पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली में सात केंद्रों पर इंटरमीडिएट के संगीत गायन, संगीत वादन व नृत्यकला की परीक्षा थी। वहीं, दूसरी पाली में 282 परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र व तर्क शास्त्र की परीक्षा हुई। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर स्थित पंडित कामता प्रसाद इंटर कालेज में दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान एसटीएफ की टीम ने छापा मारा। इस दौरान उत्तर पुस्तिका को परीक्षा केंद्र के बाहर लिखवाकर कर इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान विषय में पास कराने का खेल होता पाया गया। एसटीएफ की टीम और आजमगढ़ के डीआईओएस द्वारा गिरफ्तार लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक एसटीएफ व पुलिस ने इस मामले में जांच-पड़ताल की बात कही थी। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि अभी पूछताछ की जा रही है।

## एक घंटे बढ़ाया गया निबंधन कार्यालयों का समय रवीन्द्र जायसवाल

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था होने का नतीजा रहा कि प्रदेश में रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इसी के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त उप-निबन्धक कार्यालय वित्तीय वर्ष के आखिरी महीना मार्च में शाम 6 बजे तक रजिस्ट्री का कार्य करेंगे, इसके साथ ही स्लॉट बुक करने का जो समय 4 बजे तक तथा उसे भी एक घंटा बढ़कर शाम 5 बजे कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च माह के अंतिम रविवार को भी विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारु रूप से सम्पादित किया जायेगा, ताकि उक्त अवकाश के दिन भी आम जनमानस के द्वारा विलेखों का अधिक संख्या में पंजीकरण कराया जा सके और विभाग को निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के वित्तीय समापन एवं माह मार्च में होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण इस माह में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है।

माह मार्च में होली आदि त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।

इसके साथ ही माह मार्च 2025 के अन्य अवकाश दिवस अथवा रविवार को उप निबन्धक कार्यालयों को निबन्धन कार्य हेतु खोले जाने के सम्बन्ध में स्थानीय स्तर पर निर्णय लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत स्टाम्प कमी के मुकदमों को 31.03.2025 तक मात्र 100 रु के अर्थदंड पर समाप्त किए जाने का निर्णय भी पूर्व मे लिया गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की जनसेवा के संकल्प को सिद्ध करने के लिए यह निर्णय लिए गए है।

## एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी अकादमी ने प्रोजेक्ट नमन का विस्तार किया

पटना (उत्तरशक्ति)। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस ने भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय (डीआईएवी) के 26 स्थानों पर वेटरन्स को श्रद्धांजलि का विस्तार करने के लिए प्रोजेक्ट नमन समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत किया है। प्रोजेक्ट नमन को सेना के दिग्गजों, उनके परिवारों और उनके निकट संबंधियों को सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये सीएससी केंद्र, जो सेना के दिग्गजों या उनके परिवारों या निकट संबंधियों द्वारा संचालित किए जाएंगे, रक्षा प्रतिष्ठानों के भीतर ही उनके दरवाजे पर पेंशन संबंधी सेवाएं, सरकार से नागरिक (जी2सी) सेवाएं और व्यवसाय से उपभोक्ता




(बी2सी) सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। एचडीएफसी बैंक के वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार प्रमुख सत्येन मोदी, सीएससी अकादमी के सीईओ और भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय के ब्रिगेडियर प्रवीण चांदेकर ने स्मिता भगत, समूह प्रमुख - एचडीएफसी बैंक, सीएससी अकादमी के अध्यक्ष संजय राकेश, लेफ्टिनेंट जनरल, डीजी (डीसी एंड डब्ल्यू) - भारतीय सेना और भारतीय सेना, एचडीएफसी बैंक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दूसरे चरण में, परियोजना का विस्तार राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, बिहार, ओडिशा और नई दिल्ली में 26 डीआईएवी स्थानों तक किया जाएगा। परियोजना के पहले चरण को सितंबर 2023 में 14 डीआईएवी स्थानों पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की स्थापना के साथ हरी झंडी दिखाई गई थी।

## जमीन और ट्रैक्टर बेचकर लापता हुआ अंगद , परिवार को हुई बाद में जानकारी

बस्ती। जामवंत कांड से पहले राहस्यमय हाल में लापता उसके दोस्त अंगद के भी तमाम नए किस्से सामने आ रहे हैं। लापता होने से पहले अंगद ने घर वालों के चोरी अपने हिस्से की नौ बिस्वा जमीन एक महिला के नाम रजिस्ट्री कर दिया था। इसके एवज में उसके खाते में 4 लाख 45 हजार रुपये का भुगतान भी किया गया है, जिसे बाद में अंगद ने निकाल लिया था। इसके अलावा उसने अपना ट्रैक्टर भी बेचा और बैंक से केसीसी भी लिया। इन तथ्यों की जानकारी परिवार के लोगों को अंगद के लापता होने के बाद चल सकी। 19 अगस्त 2024 को रुधौली थाना क्षेत्र के मुनियांग गांव के रहने वाले अंगद का घर से लापता होना भी संदिग्ध बना हुआ है। अंगद-जामवंत का दोस्त बताया जा रहा है। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार, लापता होने से पहले अंगद का उठना-बैठना जामवंत के साथ अक्सर हुआ करता था। ग्रामीण दबी जुबान अंगद का एक महिला से भी संबंध होने की बात स्वीकार कर रहे हैं। इसमें जामवंत की भूमिका पर लोग संदेह जता रहे हैं। बताया जा रहा है कि अंगद परिवार के प्रति काफी वफादार था। पिता के न रहने की स्थिति उसकी पैतृक संपत्ति उसके और मां के नाम है। ग्रामीणों की बात पर यकीन करें तो जामवंत और किसी अज्ञात महिला के संपर्क में रहते हुए ही अंगद ने अपनी नौ बिस्वा जमीन लापता होने से एक माह पहले बेच डाली थी। इसकी जानकारी घर वालों को नहीं थी। इसके अलावा अंगद ने अपने ट्रैक्टर को बेच दिया था। बैंक से केसीसी भी निकाला था। अंगद का यह रुपये कहां खर्च हुआ परिवार को कुछ भी नहीं पता है। पत्नी रेखा के अनुसार 19 अगस्त को जब अंगद घर से लापता हुए तो उसके कुछ दिन बाद लेखपाल से जमीन बेचने की जानकारी हुई। अंगद की पत्नी और मां पढ़ी-लिखी नहीं होने के कारण इस मामले की छानबीन काफी दिन तक नहीं कर पाईं। इस बीच जमीन खरीदने वाले ने रुधौली तहसील से खारिज दाखिल भी करा ली। अंगद की बेटी कक्षा 11 की छात्रा रागिनी अपनी मां के साथ रजिस्ट्री की नकल निकालकर न्याय के लिए भटक रही है। पत्नी-बेटी का कहना है कि घर वालों के चोरी अंगद से जमीन किन परिस्थितियों में बैनामा कराया गया कुछ समझ में नहीं आ रहा है। बैनामे की जानकारी उनके लापता होने के बाद मिल सकी। पत्नी और बेटी का कहना है कि जब तक अंगद सही-सलामत नहीं लौटेंगे तब तक वह जमीन अपने कब्जे से नहीं छोड़ने वाली है। क्योंकि इस बैनामे के पीछे गहरी साजिश लग रही है। उक्त जमीन जामवंत के गांव धौरहरा में ही है। बताया कि रजिस्ट्री की नकल में जमीन का मूल्य 4 लाख 45 हजार रुपये दशार्या गया है।

## डीसीएम व कार की टक्कर में चार की हालत गंभीर

**अमेठी(उत्तरशक्ति)।** जायस इलाके में बुधवार सुबह डीसीएम और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार सड़क किनारे पलट गई जिसमें सवार महिला संग चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को रायबरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रायबरेली जिले के नसीराबाद के बरखुरदार गांव निवासी सिरताज (42) अपने भाई शीलू (32), पत्नी महरुबीन (38) व जैद (18) के साथ एक रिश्तेदार को लखनऊ एयरपोर्ट से छोड़ कर घर वापस जा रहे थे। रास्ते में टांडा-बांदा राजमार्ग स्थित जायस थाना क्षेत्र के राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान के पास बुधवार सुबह सामने से आ रही डीसीएम से टक्कर हो गई। हादसे में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। चीखपुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार चारों लोगो को गाड़ी से निकाला गया।

## शेष कुमार दुबे हुए पंचतत्व में विलीन



**सुलतानपुर।** अटल जनशक्ति संगठन के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रविशंकर दुबे के चाचा शेष कुमार दुबे का 52 साल की उम्र मे किडनी की बीमारी के चलते सोमवार को लखनऊ में स्वर्गवास हो गया। पिछले कई वर्षों से इस बीमारी से जूझने के बाद अंततः वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार लखनऊ में ही किया गया एवं बाकी की अंतिम क्रियाएं दुबे के पैतृक निवास सोहगौली सुल्तानपुर में किया जाएगा।

रविशंकर के पूरे परिवार में शोक छाया हुआ है तथा इस खबर के बाद कई नेताओं एवं समाज सेवको ने फोन करके शोक जताया। उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शेष दुबे के छोटे भाई महेश दुबे ने उन्हें मुखाग्नि दी। वही उनके पुत्र शानू दुबे पिता की मृत्यु से बहुत दुःखी है। इस दुःख की घडी में लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर आर शुक्ल, जयसिंहपुर विधायक राज बाबू उपाध्याय, श्री रामलीला उत्सव समिति मुंबई के अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल रिंकू, सचिव दिवाकर मिश्र, अटल जनशक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन नारायण अवस्थी, विनय मिश्रा, जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल, कुड़वार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार आदेश मिश्र, नरेन्द्र पाठक, सोहगौली के पूर्व प्रधान अनिल दुबे, शैलेन्द्र मिश्रा,भाजपा युवा मोर्चा अयोध्या जिला मंत्री आशीष तिवारी, बृजेश मिश्र आदि ने शोक प्रकट किया।

## मुंह दबाकर की गई युवती की हत्या

**मंडी धनौरा (उत्तरशक्ति)।** बछरायूं रेलवे स्टेशन के पास मृत हालात में मिली युवती की मुंह दबाकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। चार दिन बाद भी युवती की शिनाख्त न होने पर उसके दूसरे राज्य या जिले के होने की संभावना जताई गई है। दो मार्च को रेलवे स्टेशन से भगवानपुर भूड़ जाने वाले मार्ग पर स्थित एक आम के बाग में करीब 25 साल की युवती का शव पड़ा मिला था। शव की हालत काफी खराब थी। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी पर रखवा दिया था। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की मुंह दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीलेदर्स ने नवादा में नए शोरूम के साथ बिहार में अपना विस्तार किया

नवादा (उत्तरशक्ति)। वर्षों से भारतीय फुटवियर उद्योग में एक सम्मानित नाम, श्रीलेदर्स ने अपने नए शोरूम का शुभारंभ नवादा के केंदुआ बाईपास, श्री राम प्रदूषण के निकट किया। इस मौके पर श्रीलेदर्स कंपनी के सौरव विश्वास, रॉकी डे, नवादा श्रीलेदर्स शोरुम के संचालक आशीष गौरव और संजय कुमार चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने नए शोरूम के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी जताई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्रीलेदर्स के सौरव विश्वास ने कहा कि यह नया शोरूम झारखंड, बिहार, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में अपने कई स्टोरों के सफल लॉन्च के बाद आया है, जिससे इस क्षेत्र और उससे आगे भी श्रीलेदर्स की उपस्थिति मजबूत हुई है। जबकि रॉकी डे ने बताया कि नए शोरूम में विश्व स्तरीय जूते, चमड़े के सामान, बैग, यात्रा बैग, खेल के जूते और सक्रिय कपड़ों की एक विस्तृत श्रृंखला अद्वितीय कीमतों पर उपलब्ध होगी।

श्रीलीदर्स की नवीनतम श्रेणी, एसएल प्रीमियम, को खुदरा और ऑनलाइन दोनों ग्राहकों से अच्छी समीक्षा मिली है। नवादा श्रीलेदर्स शोरुम के संचालक आशीष गौरव और संजय कुमार चौधरी ने कहा कि नवादा के नए शोरूम में 1499 रुपए की खरीदारी करने वाले पहले 750 ग्राहकों को श्रीलेदर्स ब्रांड का एक हैंड बैग फ्री मिलेगा, इसके साथ ही 7 मार्च से 9 मार्च तक लकी ड्रॉ में शामिल होने वाले ग्राहकों में से किसी एक विजेता ग्राहक को प्रतिदिन एक फ्रीज ईनाम में मिलेगा।

लॉन्चिंग को लेकर पार्टनर शेखर डे ने कहा कि हम अपनी फ्रेंचाइजी को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता को प्राथमिकता देते हैं। वहीं पार्टनर और तीसरी पीढ़ी के परिवार के सदस्य सुशांतो डे ने भविष्य के विकास के लिए ब्रांड के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदर्शन-आधारित स्पोर्ट्स जूतों पर ध्यान केंद्रित करना है।

हमारे ग्राहकों के लिए जेब के अनुकूल कीमतें सुनिश्चित करते हुए विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट रहेगी। एसएल स्पोर्ट्स ब्रांड एक्टिव वियर और स्पोर्ट्स जूतों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। नवादा शोरूम के अलावा, श्रीलेदर्स पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए बिहार और उड़ीसा के कुछ और शहरों में अपने शोरूम खोलने के लिए तैयार है।

## युवती को आग लगाकर मारने की कोशिश, दोस्त गिरफ्तार

गोरखपुर (उत्तरशक्ति)। गीडा इलाके में किराये के मकान में रहने वाली युवती की उसके दोस्त ने ही आग लगाकर हत्या की कोशिश की। युवती की तहरीर पर आरोपी पर हत्या की कोशिश की धारा में केस दर्ज कर पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के भेलवसी निवासी संजीव कुमार निषाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, संजीव शादी-शुदा है। उसके चार बच्चे भी हैं। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा इलाके की रहने वाली युवती होटल में वेटर का काम करती है। खलीलाबाद में रहने वाली बहन के घर आते-जाते उसकी मुलाकात संजीत कुमार से हो गई। दोनों के बीच में प्रेम संबंध बढ़ने पर गीडा इलाके में किराये का कमरा लेकर रहने लगे। आरोपी युवती पर वेटर का काम छोड़ने का दबाव बना रहा था। इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद संजीव ने उसके हत्या करने की साजिश रची। मंगलवार रात में युवती के सोते समय दरवाजे पर पेट्रोल छिड़क दिया और फिर आग लगा दी। युवती दरवाजा तोड़कर बाहर बाहर आ गई। आग से युवती का कुछ हिस्सा जल भी गया। इसके बाद युवती ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस संबंध में एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने दिग्रस और महागांव, यवतमाल में नए आउटलेट खोलकर विकास को दी गति

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने दिग्रस और महागांव, यवतमाल, महाराष्ट्र में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इन अतिरिक्त आउटलेट के साथ, बैंक अब महाराष्ट्र में 85 और देश भर में 1076 बैंकिंग आउटलेट संचालित करता है।

दिग्रस और महागांव के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के एक व्यापक समूह से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का डिजिटल बैंकिंग बुनियादी ढांचा और एटीएम नेटवर्क अपने ग्राहकों



के लिए एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहाः डिग्रस और महागांव में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन महाराष्ट्र में वित्तीय समावेशन के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। यवतमाल में डिग्रस का महाराष्ट्र के कृषक समुदाय के साथ गहरा संबंध है, जो कृषि व्यवसाय के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। महागांव, जो अपने ऐतिहासिक महत्व और उभरती वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है, इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है यह सुनिश्चित करना कि समुदायों के पास उभरते आर्थिक परिदृश्य में फलने-फूलने के लिए आवश्यक वित्तीय उपकरण हों।

ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह ऋण देने के जेएलजी मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनके ऋणों का शीघ्र पुनर्भुगतान करता है।

## ठाणे मनपा में टैक्स पर ब्याज, जुमार्ना माफ करने हेतु अभय योजना लागू करें : अमोल धनराज केंद्रे



**ठाणे।** नगर निगम की आय का मुख्य स्रोत संपत्ति कर है। नगर पालिका द्वारा इस पर ब्याज बहुत अधिक लिया जाता है। यदि वर्तमान वर्ष का जल कर संपूर्ण बकाया राशि के साथ जमा किया जाता है तो जुमार्ना ( दण्ड/ब्याज) पूरी तरह से माफ कर दिया जाता है । यदि 2025 लागू होता है तो इससे शहरवासियों और नगर निगम को फायदा होगा, इस संबंध में कोई भी पूर्व प्रतिनिधि तत्परता नहीं दिखा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। माननीय श्री कल्याण डोंबिवली नगर निगम ने नागरिकों के लिए अभय योजना 2024-2025 लागू की है। आप भी ठाणे नगर निगम क्षेत्र में अभय योजना लागू कर-के निवासियों का सहयोग करें। यह अनुरोध धड़ाकेबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र के राज्य संस्थापक अध्यक्ष श्री अमोल धनराज केंद्रे ने ठाणे नगर निगम आयुक्त से किया है।












## जौनपुरः दो बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

जौनपुर( उत्तरशक्ति )। सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर गौर में दो बाइकों की टक्कर में अलग-अलग बाइक पर सवार दो की मौत हो गई है, इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना बुधवार रात्रि 9:30 बजे की है, कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुकखीपुर निवासी आशीष कुमार 20 वर्ष पुत्र छेदी लाल और उसी के मोहल्ले के अंशल कुमार 19 वर्ष पुत्र कतवरु राम और उसके एक साथी तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। तेज गति से बाइक चलाते हुए जा रहे थे कि सामने से आ रहे रत्नाकर सिंह 30 वर्ष पुत्र राणा प्रताप सिंह निवासी जंगीपुर खुर्द और उनके साथ सचिन पुत्र हरेंद्र कुमार निवासी बहाउद्दीनपुर दोनों की बाइक में टक्कर हो गई। जोरदार हुई दोनों बाइकों की टक्कर में पांचो गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त रही की आसपास के लोग उसकी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को फूकना देकर बुलाया। पांचो घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने रत्नाकर सिंह और दूसरे बाइक पर सवार आशीष पुत्र छेदीलाल को मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर बाद सराय ख्वाजा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों लाशों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम देर रात ही कराए जाने की सूचना मिली है। दूसरे तरफ एक घायल अंशुल कुमार का उपचार जिला अस्पताल में और दो घायलों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा है। चिकित्सक द्वारा अंशुल कुमार का चिकित्सकीय परीक्षण मेक में अधिक शराब पीना पाये जाने की बात लिखा बताया गया है।

## डबल बुल के 50 वर्ष पूरे, नई योजनाओं के साथ वापसी की घोषणा

मुंबई। भारत के प्रतिष्ठित मेन्स फैशन ब्रांड डबल बुल, जो 90 के दशक में बोल्ड और ट्रेंडी पार्टी वियर के लिए जाना जाता था, ने भारतीय रिटेल इंडस्ट्री में दोबारा लॉन्च होने की घोषणा की है। ब्रांड ने अपने विस्तार की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2031 तक 100 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल करना है।इस रणनीति के तहत, डबल बुल देशभर में अपनी पहुंच मजबूत करेगा और भारतीय युवाओं को ट्रेंडी और किफायती फैशन उपलब्ध कराएगा।

डबल बुल अब मल्टी ब्रांड आउटलेट्स में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के साथ-साथ 50 एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स खोलने की योजना बना रहा है, जो शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों को कवर करेंगे। इसके अलावा, यह ब्रांड साल के अंत तक एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म लॉन्च कर डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मार्केट में भी कदम रखेगा। इस नई रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी ने नेतृत्व टीम में भी महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। डबल बुल ने 1974 में भारतीय फैशन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई थी, जल्द ही, यह ब्रांड युवाओं की पहली पसंद बन गया और घर-घर में पहचाना जाने लगा। अब, 50 साल बाद, डबल बुल प्रीमियम क्वालिटी और किफायती फैशन के साथ फिर से मैदान में उतरा है।कंपनी अपने मशहूर पार्टी वियर को नए डिजाइन और आधुनिक ट्रेंड्स के साथ 14 राज्यों में दोबारा लॉन्च करेगी। इसके साथ ही, कंपनी रिटेल और ई-कॉमर्स में संतुलित उपस्थिति बनाए रखते हुए ग्राहकों तक अपने उत्पाद पहुंचाने की योजना बना रही है।इस अवसर पर डबल बुल के सीईओ जतिन मंडोरा ने कहा, ₹डबल बुल के लिए 50 साल पूरे करना सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि हमारे जुनून और समर्पण का प्रमाण है। वर्तमान में 35 करोड़ रुपये के टर्नओवर के साथ, हमारा लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2031 तक 100 करोड़ रुपये तक पहुँचना है। हम अपनी समृद्ध विरासत को आधुनिक रणनीतियों से जोड़कर डबल बुल को फिर से भारत का पसंदीदा फैशन ब्रांड बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹हम न केवल बोल्ड और स्टाइलिश डिजाइनों को फिर से पेश कर रहे हैं, बल्कि किफायती कीमत पर प्रीमियम क्वालिटी के कपड़े उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता भी जता रहे हैं। डबल बुल अब आधुनिक ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। डबल बुल सिर्फ पार्टी वियर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर अवसर के लिए उपयुक्त कपड़ों की एक नई श्रृंखला पेश करेगा। साथ ही, यह ब्रांड ऐसे सस्टेनेबल और टिकाऊ फैब्रिक पर भी काम कर रहा है, जिससे कपड़ों की क्वालिटी और लाइफ दोनों बेहतर हो सके।इस साल के अंत तक डबल बुल एक एक्सक्लूसिव ई-कॉमर्स साइट के साथ डी2सी क्षेत्र में कदम रखेगा।

## रांची के आश्रम में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, बदले की आशंका

रांची। झारखंड के रांची जिले में स्थित एक आश्रम में अज्ञात हमलावरों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार रात में राजधानी रांची से करीब 45 किलोमीटर दूर चान्हो इलाके के चामा में हुई। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान राजेंद्र यादव और महेश के रूप में हुई है। खलारी के पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी ने कहा, ह्यइस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि चोरी के इरादे से इस वारदात को अंजाम दिया गया है। चौधरी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## शादी की खुशी मौत से मातम में बदली, ससुर की बंदूक से चली गोली दामाद को लगी, मची चीख पुकार

हनुमानगढ़। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के सलेमगढ़ गांव में एक दुखद घटना घटी, जहां शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। चचेरे साले की शादी में शामिल होने आए सुनील नामक युवक की ससुर की बंदूक से दुर्घटनावश चली गोली लगने से मृत्यु हो गई। टिब्बी थाना क्षेत्र के एएसआई शंभू दयाल के अनुसार, सुनील चौहिलावाली का निवासी था और सलेमगढ़ में अपने चाचा ससुर के बेटे की शादी में शामिल होने आया था। गुरुवार सुबह, शादी के बाद विदाई के समय, ससुर की बंदूक से अचानक गोली चल गई, जिससे सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। यह घटना एक बार फिर से शादी समारोहों में हथियारों के उपयोग से होने वाले खतरों की ओर इशारा करती है। इसी तरह की घटनाएं पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आ चुकी हैं, जहां हर्ष फायरिंग या हथियारों के असावधानीपूर्वक उपयोग से जानलेवा हादसे हुए हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि शादी या अन्य समारोहों में हथियारों का उपयोग न किया जाए और सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाए, ताकि खुशियों के मौके पर कोई अप्रिय घटना न हो।

## टीकेएम ने लेजेंडर 4वाई4 पेश किया

पटना। शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4वाई4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिजाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरूआत की, जिसमें उन्नत 4वाई4 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं।

# मुंबई के एफ नॉर्थ सहायक आयुक्त नितिन शुक्ला की निगरानी में फुटपाथ व फेरी वालों पर हुई कार्रवाई






-संजय मिश्रा

मुंबई (उत्तरशक्ति)। माटुंगा एफ नॉर्थ के सहायक आयुक्त नितिन शुक्ला अपना पदभार ग्रहण करने के बाद पूरे एफ नॉर्थ में निडरता पूर्वक पैदल यात्रा सामान्य व्यक्ति की तरह करते हुए निरीक्षण किया। फुटपाथ पर अवैध बाध काम दादागिरी से फुटपाथ कब्जा करने वालों पर आज तोड़फोड़ की कार्यवाही की गयी। श्री शुक्ला स्वयं की उपस्थित रह कर अपने मातहत अधिकारियों व माटुंगा पुलिस दलबल के साथ आज माटुंगा में भंडार कर रोड, लखमशी नप्पू रोड पर तोड़क कार्रवाई की गयी। वहां से बरामद अवैध सामानों को मनपा के गोडाउन में पहुंचा। मनपा की द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही से फूटपाथ दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। इस तोड़क कार्यवाही को लेकर माटुंगा क्षेत्र में चारों ओर इसी बात को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। नितिन शुक्ला की तरह मुंबई महानगरपालिका का प्रत्येक अधिकारी ईमानदारी पूर्वक कार्य का निर्वहन करेंगे तो मुंबई को स्वच्छ हरित बनाने व अवैध निर्माण से मुक्ति दिलाने में जल्द ही सफलता मिल जाएगी। बता दें कि अभी कुछ दिन पूर्व भी एफ नॉर्थ के सहायक आयुक्त द्वारा तोड़क कार्यवाही माटुंगा में की गयी थी। जिससे सड़क की पटरियों पर अवैध रुप से कब्जा जमाए फूटपाथ व फेरी वालों पर कड़ी कार्यवाही की गयी थी।

## ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 जारी, दूसरे स्थान पर पाकिस्तान

इस्लामाबाद। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है। देशभर में बढ़ते आतंकी हमलों और इनमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान यहां पहुंचा है। नई जीटीआई रिपोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पीस ने जारी की है। इसमें दुनियाभर के 163 देशों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के दायरे में दुनिया की 99.7 फीसद आबादी आती है। जीटीआई रिपोर्ट आतंकवादी घटनाएं, मारे गए लोग, घायल, बंधकों की संख्या और आतंकवाद पर प्रभाव समेत कई कारकों का मूल्यांकन करती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में पिछले 5 वर्षों से लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान साल दर साल वृद्धि हुई। साल 2024 में पाकिस्तान भर में आतंकवादी हमलों में 45 फीसदी का इजाफा देखने को मिला। 2023 में कुल 517 आतंकी हमलों को अंजाम दिया गया। मगर 2024 में यह आंकड़ा दोगुना होकर 1099 तक पहुंच गया। जीटीआई की स्थापना के बाद यह पहली बार जब पाकिस्तान में 1000 से अधिक आतंकी हमलों को रिकॉर्ड किया गया। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) लगातार दूसरे वर्ष पाकिस्तान में सबसे तेजी से बढ़ने वाला समूह और सबसे घातक संगठन बनकर उभरा है। पाकिस्तान में साल 2023 में कुल 293 लोगों की जान आतंकी हमलों में गई थी। 2024 में यह आंकड़ा 585 मौतों तक पहुंच गया। देशभर में आतंकी हमलों में हुई 52 फीसद मौते के पीछे टीटीपी का हाथ था। बता दें कि अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान के काबिज होने के बाद से ही पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा पर कई आतंकी संगठनों ने हमलों को तेज कर दिया है। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत आतंक से सबसे अधिक प्रभावित हैं। 2024 में 96 फीसद मौतें और आतंकी हमले इन्हीं दो राज्यों में हुए हैं। उधर, ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की तैयारी की है। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका में पाकिस्तानियों का प्रवेश वर्जित हो जाएगा।

## नए विधान भवन को लेकर हरियाणा के सभी दल एकमत, सर्वदलीय बैठक में की चर्चा



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा के नए भवन के निर्माण को लेकर प्रदेश के सभी दल एकमत हैं। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में वीरवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मसले में गहन चर्चा हुई है। सभी दलों के नेता इस विषय पर एकमत दिखाई दिए कि निकट भविष्य में होने वाले परिसीमन में प्रदेश में विधान सभा क्षेत्रों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर अपेक्षाकृत बड़े विधान भवन की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल हरियाणा विधान सभा के सदन में 90 विधायकों के बैठने के लिए ही स्थान उपलब्ध है। ऐसे में विधायकों की संख्या बढ़ने पर यहां सदन की कार्यवाही संचालित करना संभव नहीं है। इसके अलावा वर्तमान में भी समितियों की बैठकों और विभिन्न कार्यालयों के लिए स्थान अभाव का सामना करना पड़ा रहा है। गौरतलब है कि 7 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के दौरान कार्य उत्पादकता बढ़ाने और अनुशासनपूर्ण ढंग से विमर्श की संस्कृति को बढ़ाने के उद्देश्य से विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में सभी दलों और निर्दलीय विधायकों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस दौरान सत्र की कार्यवाही के साथ-साथ नए विधान भवन को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। सत्र की कार्यवाही के दौरान उत्पादकता बढ़ाने पर गहन विचार विमर्श हुआ। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सत्र के दौरान सदन की गरिमा व अनुशासन बना रहे तथा जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी दलों से आग्रह किया जाएगा कि वे तथ्यों पर आधारित तैयारी के साथ सत्र में भाग लें, जिससे प्रदेश के विकास को लेकर गंभीरता से सदन में विचार हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज, पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सावित्री जिंदल, अर्जुन चौटाला, अशोक कुमार अरोड़ा, गीता भुक्कल, आफताब अहमद, कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

## भाजपा ने 100 मुस्लिमों को बनाया प्रत्याशी, 82 ने दर्ज की जीत, अब संगठन में पार्टी देने लगी अहम जगह




अहमदाबाद। गुजरात में बीते तीन दशक में भाजपा ने विधानसभा एवं लोकसभा में किसी मुस्लिम को प्रत्याशी नहीं बनाया लेकिन अब निकाय चुनाव में भाजपा के मुस्लिम जनप्रतिनिधियों की संख्या 82 पहुंचने के बाद पार्टी ने संगठन में उन्हें जगह देना शुरू किया है। खेडा, जूनागढ़ व गिर सोमनाथ के तहसील संगठन में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जैसे पद मुस्लिम नेताओं को सौंपे हैं। प्रदेश में लंबे समय तक भाजपा व मुस्लिम मतदाताओं में 36 का आंकड़ा रहा लेकिन पिछले कुछ चुनावों में भाजपा ने नगर पालिका, जिला पंचायत, तहसील पंचायत के चुनाव में अपने मुस्लिम नेताओं को बढ़ चढ़कर टिकट दिया तो उनकी जीत का आंकड़ा भी बढ़ता गया।

फरवरी 2025 में हुए 66 नगर पालिका व जिला और तहसील पंचायत के चुनाव में भाजपा ने 100 से अधिक मुस्लिम नेताओं को प्रत्याशी बनाया तो उनमें 80 से अधिक ने जीत दर्ज की। आंकडों की मानें तो भाजपा के मुस्लिम प्रत्याशियों की जीत का रेटिंग 73 प्रतिशत रहा। भाजपा के मीडिया प्रभारी यज्ञेश दवे बताते हैं कि पहले निकाय चुनाव में भाजपा के पास 41 मुस्लिम जनप्रतिनिधी थे जो अब 82 पहुंच गए हैं। इस चुनाव में भाजपा के 210 प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीते उनमें से 21 मुस्लिम नेता हैं। दवे का कहना है कि कई शहर व कस्बों में मुस्लिम नेता कांग्रेस के टिकट पर खड़े ही नहीं हुए हैं। इसलिए भाजपा के ये मुस्लिम प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। हाल ही भाजपा ने जिला, तहसील स्तर पर अध्यक्ष व उपाध्यक्षों की नियुक्ति की, जिसमें खेडा जिले के महुधा में मौहम्मद अशफाक मलेक को उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया। इसके अलावा जूनागढ की वंथली में हुशेना बेन सोढा को उपाध्यक्ष और गिर सोमनाथ के कोडीनार में आबिदा खातून नकवी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश का मुस्लिम मतदाता अब धीरे धीरे भाजपा की शरण में आने लगा तो भाजपा ने भी चुनावी मैदान के अलावा संगठन में भी मुस्लिम नेताओं को जिम्मेदारी देना शुरू कर दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दोशी का कहना है कि भाजपा को मुस्लिम नेताओं की जब जरूरत होती है तब उन्हें टिकट और पद देती है। मगर जब मुस्लिम समुदाय को तकलीफ होती है तो भाजपा उनकी तनिक चिंता नहीं करती है।

## नालासोपारा प. में वैष्णवी शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान शिवमहापुराण का आयोजन

-आंनद कुमार मिश्रा

नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। नालासोपारा पश्चिम जन जन के कल्याणार्थ देवाधिदेव महादेव जी के भक्तिमय महात्म सप्त दिवसीय श्री शिवमहापुराण की पतित पावनी दिव्य कथा नालासोपारा प. हनुमान नगर राहुल इंटरनैशनल स्कूल के सामने वैष्णवी शक्ति महिला मंडल मुख्य आयोजक मीना इंद्र कुमार मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया है। बता दे कि कथा व्यास पू. दिलीप जी महराज के मुखारविंद से निकलने वाली शिवमहापुराण कथा का श्री गणेश भव्य कलशयात्रा के साथ 2 मार्च से 8 मार्च 2025 समयावधि सायंकाल 5 बजे से 8 बजे रात्रि तक नित्य प्रवाहित हो रही है, जिसमें बड़ी संस्था में उपस्थित होकर महिला पुरूष व बच्चे भजनानंद में झूमते हुए कथा श्रवण का लाभ लेकर अपने जीवन को धन्य कर रहे हैं। आचार्य पं.रमापति मिश्रा व पं.शांतनु जी महराज के आचार्यत्व में विधि-विधान से नित्य धार्मिक कर्म



कांड के साथ परायण वेदी पूजन का कार्य किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर देवाधिदेव महादेव संग माता पार्वती देवी के विवाहोत्सव के सुंदर प्रसंग पर बोलते हुए कथा व्यास दिलीप जी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को समझाया कि शिव-पार्वती के विवाह का यह कथा केवल आराधना सीमित नहीं बल्कि यह बात भी समझाता है कि पुरुष और महिला का जीवन में ही नहीं बल्कि सृष्टि में समान अधिकार, वर्चस्व और स्थान है। शिव और शिवा एक-दूसरे से अलग तो हो सकते हैं पर अलग होकर न तो वे सुखी रह सकते हैं और ना ही संतुष्ट भाव से सृष्टि को सुख दे सकते हैं। इसी कारण शिव-पार्वती की जोड़ी को सबसे आदर्श दांपत्य के रूप में पूजा जाता है। आयोजन को सफल बनाने मे, इंद्रकुमार मिश्रा, चंदन विजय शंकर दूबे,निवेदक आशिष कुमार मिश्रा, विजय शंकर दुबे,लकी सिंह, सरिता वर्मा,दीपा दूबे, सपना मिश्रा,शालू मिश्रा, पुष्पा वनगे,सतीश मिश्रा, संदीप तिवारी,रोहित उपाध्याय,सुनील दूबे, फुलचंद विश्वकर्मा, दशरथ यादव, अंकित दूबे, आलोक मिश्रा, अरविंद सिंह,विमल दूबे आदि लोगों का विशेष सहयोग है, इस कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रेम चौबे कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा सभी शिवभक्तों से निवेदन किया है कि आप सभी लोग शिवमहापुराण में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## कलयुगी बाप निकला बेटी का हत्यारा, लापता होने का कर रहा था पुलिस के सामने नाटक

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में पांच वर्षीय बेटी की हत्या के आरोप में पिता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 40 वर्षीय आरोपी पिता ने पिछले महीने बेटी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि मोहित मिश्रा ने रामपुर मथुरा थाने में 25 फरवरी को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराते हुए दावा किया था कि उसकी बेटी तनी लापता हो गई है। पुलिस ने हालांकि जांच के दौरान पाया कि मिश्रा ने खुद ही बच्ची की गला घोटकर हत्या की और शव को गांव के बाहर एक खेत में फेंक दिया। पुलिस के मुताबिक, अगले ही दिन 26 फरवरी को सरसों के खेत में बच्ची का पैर बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची के शरीर के अन्य हिस्से भी बरामद कर लिए। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम में गला घोटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद पुलिस और विशेष अभियान समूह ने जांच तेज की और मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी पिता ने अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में मिश्रा ने बताया कि वह अपने पड़ोसी रामू के साथ विवाद को लेकर परेशान था और उससे बोलचाल बंद थी। पुलिस ने बताया कि मिश्रा ने अपने बच्चों को रामू के घर नहीं जाने की चेतावनी दी थी लेकिन उसकी बेटी रामू के घर खेलने के लिए चली गई थी। आरोपी पिता ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी की शाम जब वह मोटरसाइकिल से बाहर जा रहा था तभी उसने तनी को पड़ोसी के घर जाते देखा, जिस पर उसे गुस्सा आया और वह बेटी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक सुनसान इलाके में ले गया और गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, बाद में जंगली जानवरों ने बच्ची के शव को क्षत विक्षत कर दिया।

## मोहम्मद शमी के समर्थन में आए देवबंदी उलेमा

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी हाल ही में रमजान के दौरान एक मैच में जूस पीते नजर आए, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। कई लोगों ने उन पर यह कहते हुए सवाल उठाया कि एक मुसलमान होने के बावजूद उन्होंने रोजा क्यों नहीं रखा। इस तरह की आलोचनाओं और ट्रोलिंग के जवाब में अब प्रसिद्ध देवबंदी उलेमा उनके समर्थन में सामने आए हैं।

## कोयला खदान में बड़ा हादसा, 3 की मौत, कई मजदूर दबे, रेस्क्यू जारी

बैतूल। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदान में बड़ा हादसा हुआ। यहां एक खदान का स्लैब गिरने से कई मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। मौके पर रेस्क्यू टीम, एसडीआरएफ और पुलिस मौजूद हैं, जो मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक तीन मजदूरों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। हादसा पाथाखेड़ा क्षेत्र की छतरपुर-1 खदान में गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। उस समय कर्मचारी खदान के करीब 3.5 किलोमीटर अंदर काम कर रहे थे, तभी अचानक स्लैब गिर गया। बैतूल एसपी निश्चल झारिया ने घटना की पुष्टि की और खुद मौके पर पहुंचे।







